संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 88 बुधवार 29 जनवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# महाकुंभ हेतु फ्लाईट का 5000 का टिकट 50 हजार में क्यों

### राघव चड्डा ने उठाए सवाल

**प्रयागराज,28 जनवरी 2025(ए)।** 144 साल बाद लगे प्रयागराज महाकुंभ में अभी तक 17 दिनों में कुल 15 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके है। वहीं, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दूसरे अमृत स्नान से पहले महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिन लोगों को बस और ट्रेन में टिकट नहीं मिल रहा है, वे लोग संगम में डुबकी लगाने के लिए फ्लाइट से प्रयागराज पहुंच रहे हैं। दिल्ली और मुंबई से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, ऐसे में एयरलाइन कंपनियों ने दिल्ली और मुंबई से प्रयागराज जाने वाली फ्लाइट्स के किराये में कई गुना बढ़ोतरी कर दी है।

### श्रद्धालुओं की आस्था का मजाक

आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने महाकुंभ मेले के दौरान फ्लाइट कंपनियों की तरफ से किरायों में हो रही बेतहाशा बढ़ोतरी को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने इसे श्रद्धालुओं की आस्था का मजाक बताया, साथ ही किराया कम करने की अपील भी की है। सांसद राघव चड्ढा के मुताबिक, महाकुंभ, सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए आस्था और अध्यात्म का सबसे बड़ा पर्व है। इस दुर्लभ संयोग में, जब 144 वर्षों के बाद महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में हो रहा है, लाखों-करोड़ों श्रद्धालु स्नान, साधना और तपस्या के लिए देश और विदेश से तीर्थराज प्रयागराज पहुंचने की इच्छा रखते हैं। लेकिन ये फ्लाइट कंपनियां इस पवित्र आयोजन को अनुचित लाभ कमाने का अवसर मान रही हैं।





### सामान्य किराया 5000-8000 से बढ़कर 50000-60000 तक पहुंचा

राघव चड्ढा ने कहा, फ्लाइट कंपनियों की मनमानी और मुनाफाखोरी ने श्रद्धालुओं की परेशानियां बढ़ा दी हैं। उन्होंने फ्लाइट्स के सामान्य किराए में बढ़ोतरी पर कहा कि जो टिकट पहले 5000-8000 रुपये का मिलता था, अब उसकी कीमत 50000-60000 रुपये तक पहुंच गई है।

### निराश हो रहे श्रद्धालु

आप सांसद ने कहा कि लाखों श्रद्धालु जो कुंभ जाना चाहते हैं, उनको ज्यादा किराए की वजह से निराश होना पड़ रहा है। यह कंपनियां अपने फायदे के चक्कर में श्रद्धालुओं के साथ ठीक नहीं कर रही हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं की तरफ से किराया कम करने की अपील की। साथ ही राघव चड्ढा ने इसके पहले एयरपोर्ट पर महंगे खाने को लेकर उठाए गए मुद्दे को याद किया। इस पर उन्होंने कहा कि सस्ते खाने को लेकर हमारी आवाज सरकार तक पहुंची थी। जिसके बाद सरकार ने यात्रियों के लिए किफायती कैंटीन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि मैं इस बार भी सरकार से उम्मीद करता हूं कि श्रद्धालुओं को सस्ती फ्लाइट की सुविधा दी जाएगी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों को करेंगी संबोधित



**नई दिल्ली,28 जनवरी 2025 (ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी 2025 को संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आगामी बजट सत्र के पहले हिस्से के अंतर्गत होगा, जो 31 जनवरी से शुरू होकर 13 फरवरी 2025 तक चलेगा। इस सत्र में केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा आगामी बजट 2025-26 पेश किया जाएगा, जिसे पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च 2025 से शुरू होकर 4 अप्रैल 2025 तक चलेगा।इस बार के बजट सत्र को लेकर संसद में भारी हलचल देखी जा रही है। विशेष रूप से पहले हिस्से में केंद्रीय बजट का प्रस्तुतिकरण होने से राजनीतिक दलों और व्यापारिक समुदायों की नज़रें केंद्र सरकार की आगामी नीतियों और योजनाओं पर हैं। संसद के दोनों सदनों में सत्र की शुरुआत से पहले एक आम चर्चा और महत्वपूर्ण विधायी कार्यों की योजना भी बनाई जा रही है, जिससे यह सत्र और भी महत्वपूर्ण हो जाएगा।

## मुस्लिम पर्सनल लॉ से बाहर निकलने की याचिका पर केंद्र से जवाब तलब

**नई दिल्ली,28 जनवरी 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को एक याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है, जिसमें मांग की गई है कि जो लोग मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत शासित नहीं होना चाहते, उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष कानून के तहत जीवन जीने की अनुमति दी जाए।सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को इस मामले में चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।



## महत्वपूर्ण खबर

### फिर शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा



» चीन के साथ बातचीत में लगी मुहर

» ले सकेंगे डायरेक्ट फ्लाइट

**नई दिल्ली,28 जनवरी 2025 (ए)।** भारत और चीन कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने पर राजी हो गए हैं। भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से यह जानकारी साझा की गई है। भारत और चीन में बढ़ते तनाव को देखते हुए कैलाश मानसरोवर यात्रा रोक दी गई थी।

### महाकुंभ में अमित शाह ने अपने पोते को संतों से दिलवाया आशीर्वाद



**प्रयागराज ,28 जनवरी 2025 (ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में संगम स्नान किया। इस पावन अवसर पर उनके साथ पूरा परिवार भी मौजूद रहा। स्नान के दौरान, अमित शाह ने अपने पोते को संतों से आशीर्वाद दिलाते हुए देखा गया।

### महाकुंभ में नीम दातून बेचकर 5 दिन में 40 हजार कमाए

**प्रयागराज,28 जनवरी 2025 (ए)।** प्रयागराज के महाकुंभ में एक लड़के ने गर्लफ्रेंड के आइडिया से नीम दातून बेचकर जबरदस्त कमाई की है। वह लड़का अब तक पांच दिन में 30 से 40 हजार रुपये कमा चुका है, और कभी-कभी रात में बिक्री इतनी बढ़ जाती है कि वह 9 से 10 हजार रुपये भी कमा लेता है। इस आइडिया में कोई इन्वेस्टमेंट नहीं है, और उसे यह सुझाव उसकी गर्लफ्रेंड ने दिया था, जो उसे मुफ्त में दातून लेकर बेचने का कहकर अच्छा पैसा कमाने का रास्ता दिखाया।आदर्श तिवारी नामक इंस्टाग्राम यूजर ने इस लड़के का वीडियो शेयर किया, जिसमें वह गर्लफ्रेंड के सुझाव को अपना सफलता का राज मानता है। महाकुंभ में इस तरह के अनोखे व्यापारों का सिलसिला जारी है, जिसमें कई साधु, बाबा, और सेलिब्रिटी भी अपने तरीके से पहचान बना रहे हैं। यह घटना इस महाकुंभ में नए और अनूठे अवसरों की तस्वीर पेश करती है।



## 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों पर सख्त हुई तेलंगाना हाईकोर्ट

» इन शो टाइम पर लगाया प्रतिबंध



**तेलंगाना,28 जनवरी 2025 (ए)।** तेलंगाना हाई कोर्ट ने आदेश जारी करते हुए 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के थिएटरों, मल्टीप्लेक्सों में सुबह 11 बजे से पहले और रात 11 बजे के बाद प्रवेश करने और फिल्म देखने पर रोक लगा दी है। यह फैसला न्यायालय द्वारा फिल्म टिकट की कीमतों में बढ़ोतरी और विशेष शो के लिए परमिट से संबंधित याचिका पर सुनवाई के बाद आया है। न्यायमूर्ति विजयसेन रेड्डी ने टिप्पणी की कि बच्चों को सुबह जल्दी या देर रात फिल्म देखने देने से उनके शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है।

### कोर्ट ने क्या कहा?

कोर्ट ने हाल ही में फिल्म पुष्पा 2 के प्रीमियर के दौरान संध्या थिएटर में हुई भगदड़ को याद किया, जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। न्यायमूर्ति विजयसेन रेड्डी ने कहा कि सिनेमेटोग्राफी नियमों के अनुसार बच्चों को सुबह 8.40 बजे से पहले और रात 1.30 बजे के बाद फिल्म देखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। बच्चों को सुबह जल्दी और देर रात में फिल्म देखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

### राज्य सरकार को दिया निर्देश

हाई कोर्ट ने सिफारिश की है कि राज्य सरकार सभी पक्षों को निर्देश दे कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का सुबह 11 बजे से पहले और रात 11 बजे के बाद थिएटर और मल्टीप्लेक्स में प्रवेश नियंत्रित किया जाए। गृह विभाग के प्रधान सचिव को बच्चों के प्रवेश को नियंत्रित करने के लिए सभी हितधारकों से चर्चा करने के बाद उचित निर्णय लेने की सलाह दी गई।

## भगवान आदिनाथ के निर्वाण महोत्सव पर बड़ा हादसा



### मंच ढहने से अब तक 7 श्रद्धालुओं की मौत


#### 70 से अधिक घायल

**बागपत,28 जनवरी 2025 (ए)।** उत्तर प्रदेश के बागपत में मंगलवार को एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर मानस्तम्भ परिसर में बना लकड़ी से बना मचान ढह गया। इस हादसे में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 75 लोग घायल हो गए। यह हादसा बड़ौत शहर कोतवाली क्षेत्र के गांधी रोड पर मंगलवार सुबह हुआ। मानस्तम्भ परिसर में बल्ली से बना मचान अचानक ढह गया, इस दौरान कई लोग उसके नीचे दब गए। इतना ही नहीं, घटना के बाद मौके पर भगदड़ भी मच गई।

वहीं, सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। बताया जा रहा है कि इस हादसे में करीब 6-7 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। घायलों की संख्या बढ़ सकती है, सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही डीएम अस्मिता लाल और एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना है।

## 100 जन्मों के बाद भी स्वर्ग नहीं जा पाएंगे

**नई दिल्ली,28 जनवरी 2025 (ए)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाकुंभ को लेकर ऐसा बयान दे दिया कि जिसपर सियासी हंगामा मच गया है। उनके निशाने पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह थे, लेकिन भाजपा ने इसे आस्था पर हमला करार देते हुए कांग्रेस को सनातन विरोधी बता दिया। मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए विवाद खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के संगम में पवित्र स्नान करने के बाद भी अमित शाह 100 जन्मों के बाद भी स्वर्ग नहीं जा पाएंगे।



## दिल्ली चुनाव से ठीक पहले जेल से बाहर आया राम रहीम

### अब 30 दिनों की मिली पैरोल

**सिरसा ,28 जनवरी 2025 (ए)।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को दिल्ली चुनावों से पहले एक बार फिर पैरोल मिली है। राम रहीम को 30 दिन की पैरोल मिली है।



जानकारी के मुताबिक गुरमीत सिंह पैरोल मिलने के बाद राम रहीम सिरसा के डेरा में पहुंचा है। राम रहीम मंगलवार को रोहतक की सुनारिया जेल से सात वाहनों के काफिले से निकला ओर सिरसा डेरे में 8.40 मिनिट पर पहुंचा। डेरे में आकर सीधा वह अपनी गुफा में चला गया। राम रहीम साध्वी यौन शोषण मामले से सजा मिलने के बाद पहली बार सिरसा डेरे में आया है।

## युवक के पेट से निकले 10 लोहे के रिंच और नट

### डॉक्टरों के भी उड़े होश

**अम्बेडकरनगर,28 जनवरी 2025 (ए)।** उत्तर प्रदेश के अम्बेडकरनगर में जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने एक युवक के पेट से 10 लोहे के रिंच और नट निकालकर सभी को चौंका दिया है। यह ऑपरेशन अपने आप में एक अनोखा मामला है और जिसने भी इसके बारे में सुना, वह हैरान रह गया। कोलकाता का रहने वाला युवक पिछले कई सालों से अम्बेडकरनगर के इल्फातगंज बाजार में अपनी बहन के घर पर रह रहा था। उसे पेट में दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।अस्पताल के डॉक्टर विपिन वर्मा ने बताया कि युवक के एक्स-रे और सिटी स्कैन में पेट में कुछ धातु जैसी चीजें दिखाई दीं। जिसके बाद डॉक्टरों ने सोमवार को ऑपरेशन करने का फैसला किया। ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने युवक के पेट से 10 लोहे के रिंच और नट निकाले। डॉक्टरों के लिए यह देखकर हैरानी का ठिकाना नहीं रहा कि आखिर युवक ने इतने बड़े-बड़े लोहे के औजार कैसे निगल लिए। डॉक्टर विपिन वर्मा ने बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत अब ठीक है। उन्होंने बताया कि संभवतः युवक को साइकोलॉजिकल बीमारी के कारण ऐसी आदत हो गई थी, जिसके चलते वह लोहे की चीजें खाने लगा था। इस तरह की बीमारी में मरीज अक्सर मिट्टी, प्लास्टिक या अपने शरीर के बाल भी खाने लगते हैं।



## प्रयागराज के महाकुंभ में बेकाबू हुई भीड़




### बैरिकेडिंग तोड़ी,एसडीएम की गाड़ी में भी की तोड़फोड़

**प्रयागराज ,28 जनवरी 2025 (ए)।** महाकुंभ से बड़ी खबर सामने आई है. यहां भीड़ उग्र हो गई. लोगों ने प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम की गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी. सेक्टर 20 में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मेले में बवाल मचा दिया. इस पहले लोगों ने बैरिकेडिंग तोड़कर मेले के अंदर घुस गए थे. भीड़ इतनी ज्यादा थी कि पुलिस ने भी इन्हें रोकने की हिम्मन नहीं की.जानकारी के मुताबिक सोमवार को मेला क्षेत्र में बहुत ज्यादा भीड़ हो गई. जिसक चलते पांटून पुल नंबर 15 को बंद कर दिया गया. जिसके चलते भीड़ ने प्रदर्शन शुरू कर दिया.

## केंद्र सरकार ने गिलियन-बैरे सिंड्रोम से निपटने टीम भेजी

### 17 मरीज वेंटिलेटर में

**पुणे,28 जनवरी 2025 (ए)।** पुणे में गिलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के बढ़ते मामलों के बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप और प्रबंधन का समर्थन करने के लिए सात सदस्यीय टीम तैनात की। पुणे में अब तक जीबीएस के 111 मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश अबितकर ने सोमवार को कहा कि जीबीएस से पीड़ित 17 रोगियों को वेंटिलेटर पर रखा गया है।



## पुलिस वाले व्हाट्सएप पर भेज देते थे प्री-अरेस्ट वारंट

**नई दिल्ली,28 जनवरी 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को एक खास निर्देश दिया है। इसके तहत कुछ धाराओं में वॉट्सऐप पर प्री-अरेस्ट वारंट भेजने से मना कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 41ए और सेक्शन 35 के तहत संज्ञेय अपराध के किसी आरोपी को वॉट्सऐप या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्री-अरेस्ट नोटिस न भेजी जाए। बीएनएनएस की दोनों धाराओं में प्रावधान है कि मामले में जांच अधिकारी पहले आरोपी के खिलाफ हाजिर होने का नोटिस जारी करेगा। अगर वह पुलिस अधिकारी के सामने हाजिर होकर जांच में सहयोग करता है तो उसे गिरफ्तार नहीं किया जाएगा।



## संपादकीय

### उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं

आतंकवाद के मुद्दे को लेकर पाकिस्तान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नसीहत और चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। इस क्षेत्र को आतंकवाद के केंद्र के रूप में इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए रक्षा मंत्री ने इसकी भूमि प्रशिक्षण शिविरों और घुसपैठ गतिविधियों के लॉन्च पैड के तौर पर करने की बात कही। रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इसकी पक्की जानकारी भारत के पास है, पाकिस्तान को यह बीमारी खत्म करनी होगी, नहीं तो डॉट-डॉट-डॉट।पीओके के लोगों को सम्मानजनक जीवन से वंचित रखने और धर्म के नाम पर उनका शोषण करने की भी उन्होंने चर्चा की। पीओके के प्रधानमंत्री की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि यह जिया-उल-हक के समय से पोषित भारत विरोधी एजेंडा का हिस्सा है। पीओके यानी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक ने बीते हफ्ते जिहादी संस्कृति को फिर जीवित करने की घोषणा की है। जिहाद की वकालत कर, अल-जिहाद के नारे लगवाने के पीछे उनकी मंशा इलाके की शांति भंग कर स्थिरता को ठेस लगाने की है। भारत-पाकिस्तान के दरम्यान 1965 में अखनूर में ही युद्ध लड़ा गया था। 1948, 1965, 1971 से लेकर 99 तक पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी परंतु घुसपैठ की घटनाएं रुकी नहीं हैं। न ही लगातार अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देने की नीति छोड़ रहा है।सरकार का दावा है कि धारा 370 को हटाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में महत्त्वपूर्ण बदलाव नजर आ रहा है। राज्य की अब्दुल्ला सरकार ने भी लचीला रुख अख्तियार किया है। सरकार इस इलाके को भारत के माथे के मुकुट का मणि बताते हुए लंबे समय से दावा कर रही है कि वह पीओके को वापस लेने के प्रति गंभीर है।पाकिस्तान का भारत विरोधी रुख किसी से छिपा नहीं है। शांति के प्रति उदासीन इस पड़ोसी मुल्क के पास आंतरिक समस्याओं का इतना अंबार है कि वह अंतरराष्ट्रीय मसलों के प्रति उपेक्षा भाव अपनाए रहने को मजबूर लगता है। सैनिकों की हौंसलाफजाई तक तो ठीक है परंतु जब उस पर डपट काम नहीं करती तो यूं डॉट-डॉट-डॉट जैसे हफरे का क्या असर हो सकता है। कोरी धमकियों की बजाय अब सरकार को स्पष्ट तौर पर उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं करना चाहिए।

# परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम



संजीव ठाकुर
रायपुर छत्तीसगढ़,

### सत्य की प्रासंगिकता सर्वकालीन

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि सत्य में वह शक्ति है जो मानव को असीमित ऊर्जा और अतुल्य बल प्रदान कर सकती है यदि तुम अखंड सत्य का पालन करो तो कोई भी तुम्हें रोकने में समर्थ नहीं है, यह तो सत्य है कि सत्य की शक्ति अत्यंत व्यापक एवं सर्वकालीन है।

यह तो सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म



में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का सांच को आंच नहीं जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित सत्यमेव जयते आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है।

यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे। आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म ,अध्यात्म ,अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण ,ज्ञान विज्ञान ,जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निर्देशों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं। धन के बल पर आज पारिवारिक संबंधों सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा राजनैतिक शक्ति,संतुलन, आध्यात्मिक स्तर पर प्रभाव नैतिक स्तर पर सहमति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को केवल प्रभावित ही नहीं कर रहे हैं अपितु उन्हें लगभग खरीदने की ताकत रखने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बावजूद सत्य के मूल्य को और उसकी सार्वभौमिकता को दबाना या शांत करना या उसके दमन के लिए उसे विवश करना लगभग असंभव है। वैश्विक स्तर पर कुछ अमीर देश और मुट्ठी भर धनाढ्य व्यक्ति इस बात को मान्यता देते हैं कि जब ,धन बोलता है तो सत्यम मौन रहता है, पर सार्वजनिक रूप से ऐसा मानना तार्किक स्तर पर जरूर ठीक लगता हो पर दार्शनिक अथवा सांस्कृतिक एवं धार्मिक रूप से यह पूर्ण रूप से असत्य भी है। पारिवारिक सामाजिक स्तर पर भी देखें तो समाज के नैतिक मूल्यों में आई गिरावट के परिणाम स्वरूप सामाजिक प्रतिष्ठा उसी को प्राप्त होती है जिसके पास पर्याप्त तथा अकूत धन हो। धनवान व्यक्ति की विचारधारा उसकी मान्यताओं को समाज महत्व देता है एवं उसे प्रेरणा का स्रोत माना जाता है। निर्धन व्यक्ति कितना भी विद्वान ऊर्जावान हो उसकी बातें सत्य पूर्ण सत्य तथा उदास बातें भी समाज में कई उदाहरणों में महत्वहीन हो जाती है। धन तथा बाहुबल के महत्व के अनेक उदाहरण राजनीतिक स्तर पर प्रतिदिन हमारे सामने आने लगे हैं। राजनीतिक जीवन में धन के बल पर किए जाने वाले भ्रष्टाचार, चुनाव में धांधली, मतदाताओं की खरीद-फरोख्त, पार्टियों पर अनुचित प्रभाव मीडिया चैनल न्यूज़ प्रिंट मीडिया आदि की खरीदारी सत्य के मूल्यों पर प्रश्नचिन्ह लगा देते हैं। आज धन व सत्ता का अनुचित प्रयोग सत्य का दमन तथा उसे नकारने की शक्ति बन चुका है। कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सर्वे के अनुसार उसके सूचकांक में भारत का निम्न स्थान धन के बल पर सत्ता प्रतिष्ठानों को प्रभावित करने बढ़ती घूसखोरी, सरकारी गैर सरकारी, कारपोरेट जगत के बढ़ते नैतिक पतन को उजागर करता है। विधायिका, न्यायपालिका तथा कार्यपालिका सभी स्तरों पर सत्य के मूल्य के दमन की घटनाओं से आज अखबार अटा पड़ा है। आज की स्थिति में निचले स्तर से उच्च स्तर की अदालतों तक न्याय पाने के लिए महंगे वकील करने के लिए धन की अत्यंत आवश्यकता होती है, न्याय भी अब धन पर आधारित हो गया है। न्याय पाना अब गरीबों का हक नहीं रह गया है,यह केवल अमीर लोगों की मुट्ठी में बंद होकर रह गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिखने वाली बराबरी अनेक बार सत्य को दबाकर दादागिरी के बल पर अमीर देशों की जिद की भेंट चढ़ जाती है। अमीर देशों की धन के दम पर दादागिरी कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों में दिखाई देती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन पर होने वाले वैश्विक सम्मेलन इसीलिए भी असफल होते दिखाई दिए हैं। क्योंकि अमीर देश कार्बन उत्सर्जन की मात्रा की जिम्मेदारी ज्यादा जनसंख्या वाले विकासशील देशों के सिर पर डाल देते हैं। सत्य की मनमानी व्याख्या आधुनिक युग की सच्चाई है सत्य का दमन इस स्तर पर पहुंच चुका है कि व्यक्ति अपने व्यक्तिगत स्तर पर दिन में कितनी बार धनबल के दबाव में अपने अंतःकरण से समझौता कर अपनी सहज प्रवृत्ति का दमन करने से नहीं चूकता है। और अंत में स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि सत्य में वह शक्ति है जो मानव को असीमित शक्ति और अतुल्य बल प्रदान कर सकती है यदि तुम अखंड सत्य का पालन करो तो कोई भी तुम्हें रोकने में समर्थ नहीं है, यह तो सत्य है कि सत्य की शक्ति अत्यंत व्यापक एवं सर्वकालीन है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना बहुत जरूरी

समय में जब दुनिया बहुत संवेदनशील दौर से गुजर रही है, हमें विश्व स्तर पर अमन-शांति के प्रयासों में भरपूर सहयोग देना चाहिए, पर साथ में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना भी बहुत जरूरी है, और इसके लिए हमें बहुत सावधानी से अपनी राह बनानी होगी।यह एक बहुपक्षीय चुनौती है पर फिर भी यदि संक्षेप में कहें तो ये चार राहें हमारे देश को सुरक्षा और समृद्धि की राह पर ले जाती हैं।पहली राह तो यह है कि राष्ट्रीय एकता को बहुत उच्च प्राथमिकता दी जाए और धर्म, जाति, क्षेत्र, रंग, लिंग आदि हर तरह के भेदभाव को समाप्त किया जाए और सभी लोगों को भारतीय नागरिक के रूप में एक से अधिकार, सम्मान और गरिमा प्राप्त हों। यह सरकारी नीति के लिए और लोगों के व्यवहार,दोनों के लिए जरूरी है कि किसी को सामाजिक विषमता,भेदभाव या अनुचित व्यवहार का अहसास न हो। जिन्होंने ऐतिहासिक स्तर पर बहुत विषमता सही है, उनके लिए संवैधानिक स्तर पर जो विशेष लाभ दिए गए वे इस समता के उद्देश्य के अनुकूल हैं, संविधान-सम्मत हैं, और उन्हें भी सम्मान मिलना चाहिए। दूसरी राह यह है कि विभिन्न राजनीतिक दलों और अन्य राजनीतिक-सामाजिक ताकतों में टकराव सीमा से आगे न बढ़े और आपसी मतभेदों के भिन्न विचारों के बावजूद वे बड़े राष्ट्रीय हितों पर एक-दूसरे से सहयोग ही करते रहें। इसके लिए जरूरी है कि एक-दूसरे के विरुद्ध अपमानजनक भाषा या अतिश्योक्तिपूर्ण आलोचना से बचा जाए। लोकतंत्र में तो यह निश्चित है कि विभिन्न राजनीतिक दल और अन्य राजनीतिक-सामाजिक संगठन अपने-अपने विचारों के साथ आगे बढ़ें और एक-दूसरे के विचारों की आलोचना करें। लोकतंत्र का एक बड़ा आधार ही यह है कि ऐसे मतभेद हिंसा और नफरत का रूप न लें और लोकतांत्रिक तौर-तरीकों के आधार पर इन विभिन्न विचारों के बीच बेहतर राह निकाल कर देश आगे बढ़ सके।आज लोकतंत्र में यह भूमिका कई जगह संकटग्रस्त हो रही है। अपने को लोकतंत्र का शिखर मानने वाले पश्चिमी देशों के लोकतंत्र पर भी सवाल उठ रहे हैं। दूसरी ओर, कुछ छोटे-बड़े अन्य देशों में मनभेदों और महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव अनियंत्रित हो जाने के कारण गृह युद्ध हो चुके हैं, या हो रहे हैं, जिनमें लाखों निदरेष लोग मारे गए हैं। हम अपने आस-पड़ोस में ही देखें- बांग्लादेश और पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल-तो स्थिति चिंताजनक ही नजर आएगी। अतः आवश्यक है कि इन अनुभवों से सबक लेते हुए देश के विभिन्न विचारों वाले राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों की कुछ ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे उनके आपसी टकराव अनुशासन और शालीनता की सीमा में रहें और अनुचित या अवैध तौर-तरीकों का उपयोग एक-दूसरे के विरुद्ध न किया जाए। तीसरा मुद्दा, जो इससे जुड़ा हुआ है, यह है कि हमें आपसी एकता से तय कर लेना है कि हम विदेशी ताकतों के हाथों में नहीं खेलेंगे। विश्व के जिन देशों में हाल के दशकों में सर्वाधिक विनाश हुआ है, जैसे इराक, अफगानिस्तान, सीरिया, लेबनान, लीबिया, सुडान और सोमालिया आदि, में इस विनाश में सबसे शक्तिशाली विदेशी ताकतों की बड़ी भूमिका रही है। अनेक अन्य छोटे-बड़े देशों में भी इन सबसे शक्तिशाली देशों ने तरह-तरह से अनिश्चय लाने की नीतियां अपनाई, उन्हें कमजोर करने और वहां ऐसे तत्वों को आगे बढ़ाने की कोशिश की जो इन शक्तिशाली देशों का साथ दे सकते हों।

-भारत डोगरा-

# गांवों की खुशहाली मापने के लिए बनाएं नए मानदंड

***घरेलू खर्च के इस नए आंकड़े को देखते वक्त हमें इस संदर्भ पर भी ध्यान देना होगा। बहरहाल हमें यह भी ध्यान देना होगा कि ग्रामीण इलाकों में खाद्यान्न विशेषकर गेहूं और चावल पर खर्च में निजी या पारिवारिक खर्च में कमी आई है...***



दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाले अपने देश की पहचान उसके गांव रहे हैं। देश सिर्फ ग्रामीण संस्कृति और कृषि व्यवस्था के लिए ही नहीं, सहकार और शिल्पकारी के लिए भी वैश्विक पहचान रखते रहे हैं। सोने की चिड़िया कहे जाने वाले दौर में भी भारतीय कृषि और आर्थिकी के आधार गांव ही रहे। यह बात और है कि अंग्रेजी शासन के दौरान से भारतीय गांवों का पतन शुरू हुआ। इसके बाद भारतीय गांव गरीबी और मजबूरी के पर्याय माने जाने लगे। लेकिन घरेलू उपयोग और खर्च के ताजा सर्वेक्षण की रिपोर्ट बता रही है कि गांवों की आर्थिक तस्वीर बदलने लगी है।

भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से घरेलू उपयोग और खर्च के लिए कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार शहरी और ग्रामीण इलाकों में घरेलू खर्च का जो पहले अंतर रहता था, वह लगातार घटता चला गया है। अगस्त 2023 से जुलाई 2024 के दौरान किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी भारत में प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च 4,122 रुपये और 6,996 रुपये हो गया है। जबकि पहले यानी 2022 से 2023 के बीच यह खर्च क्रमश- 3,773 रुपये और 6,459 रुपये था। यानी शहरी और ग्रामीण भारत की प्रति व्यक्ति खर्च दर में बड़ा अंतर था। मोटे तौर पर यह आंकड़ा बता रहा है कि हाल के दिनों में ग्रामीण इलाकों में आर्थिक समृद्धि पहले की तुलना में बढ़ी और उस लिहाज से खर्च भी बढ़ा है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की 68 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, जबकि 32 प्रतिशत आबादी शहरों में है। स्वाधीन भारत में विशेषकर उदारीकरण के बाद जिस तरह का विकास मॉडल हमने अपनाया, उसमें शहरी विकास पर सबसे ज्यादा फोकस रहा, ग्रामीण विकास या तो रस्मी रहा या फिर उस पर फोकस शहरों की तुलना में कम रहा। शहरों की ओर रोजगार और जीवन सुविधाएं केंद्रित होती चली गईं। शिक्षा के भी बेहतर अवसर गांवों की तुलना में शहरों की ओर बढ़ते गए। इस लिहाज से ग्रामीण क्षेत्रों से सबसे ज्यादा पलायन रोजगार और शिक्षा के लिए हुआ। फिर जिन परिवारों के पास सहूलियतें बढ़ीं, उन परिवारों ने अपनी हैसियत और बजट के लिहाज से मुफीद पाए जाने वाले शहरों की ओर रहने के लिए रूख किया। यही वजह है कि शहरी और ग्रामीण आबादी का जो अनुपात आबादी के समय था, वह आज बदल चुका है। आजादी के वक्त तकरीबन 80 फीसद से ज्यादा लोग गांवों में रहते थे, अनुमान है कि वह घटते-घटते अब साठ और पैंसठ फीसद के बीच आ गई है। रिकॉर्ड पर ग्रामीण आबादी का इतना बड़ा हिस्सा भले ही गांवों में बसता हो, लेकिन हकीकत यह है कि इसमें एक बड़ा हिस्सा शहरों में रोजी-रोटी और शिक्षा के लिए कभी शौकिया तो कभी मजबूरीवश रहने को मजबूर है। इसलिए रिकॉर्ड की तुलना में वास्तविक ग्रामीण आबादी अब और भी कम हो चुकी है। घरेलू खर्च के इस नए आंकड़े को देखते वक्त हमें इस संदर्भ पर भी ध्यान देना होगा। बहरहाल हमें यह भी ध्यान देना होगा कि ग्रामीण इलाकों में खाद्यान्न विशेषकर गेहूं और चावल पर खर्च में निजी या पारिवारिक खर्च में कमी आई है। इसकी वजह यह है कि सरकार की ओर से तमाम तरह की योजनाएं और सामाजिक कल्याण कार्यक्रम चल रहे हैं। मुफ्त खाद्यान्न योजना समेत कई अन्य सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के जरिये मुफ्त में मिल रही चीजों की कीमतों को ध्यान में रखें तो घरेलू खर्च के ये आंकड़े ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए क्रमशः 4,247 रुपये और 7,078 रुपये हो जाते हैं। मौजूदा कीमतों के संदर्भ में देखें तो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति खर्च पर औसत आठ और नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। साल 2011-12 में शहरी और खपत खर्च के बीच 84 प्रतिशत का अंतर था, जो 2022-23 में घटकर 71 प्रतिशत हो गया। जो अब 70 फीसद ही रह गया है। इन आंकड़ों से ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खुशहाली की तसवीर सामने आती है। दिलचस्प यह है कि इस आंकड़े में खाने-पीने के अलावा की चीजों पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह खर्च 60 और 53 प्रतिशत रहा। इसका मतलब साफ है कि अब ग्रामीण इलाकों में भी वाहन, कपड़े, बिस्तर, जूते, मनोरंजन एवं टिकाऊ आदि सामानों पर खर्च बढ़ा है। इससे साफ है कि उपभोक्तावाद ने ग्रामीण इलाकों पर भी जोरदार दस्तक दी है। वैसे ऑनलाइन स्टोर से गांवों में खरीददारी बढ़ी है और उनके डिलीवरी एजेंटों की बाइकें अब ग्रामीण इलाकों का भी खूब चक्कर लगा रही हैं।

पिछले साल मई में रिजर्व बैंक ने भी ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खपत खर्च को लेकर ऐसे ही आंकड़े जारी किए थे। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई थी कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी रहेगी और देश की जीडीपी दर मे 7.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो सकती है। लेकिन रिजर्व बैंक ने इसी रिपोर्ट में ग्रामीण इलाकों में बढ़ते कर्ज को लेकर भी रिपोर्ट जारी की थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट में भी कर्ज को लेकर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इसके मुताबिक, कर्ज लेने में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग कहीं ज्यादा आगे हैं। गांवों में प्रति एक लाख लोगों में 18,714 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने कोई न कोई कर्ज ले रखा है, जबकि शहरों में यह आंकड़ा 17,442 प्रति लाख ही है। साफ है कि उपभोक्तावाद ग्रामीण संस्कृति को बदलने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। कर्ज कभी गांवों के लोगों के लिए सिरदर्द होते थे, इसलिए वहां बचत केंद्रित आर्थिकी पर जोर था। लेकिन अब इसमें गिरावट आई है। इसका मतलब साफ है कि गांवों में खर्च भले ही बढ़ रहा है, लेकिन यह भी सच है कि गांवों की तसवीर अभी कम से कम वैसी नहीं हो पाई है, जिस स्तर पर शहरी तसवीर है।

गांवों का समृद्ध होना जरूरी है। हाल के दिनों में जनसंख्या को बढ़ाने और न बढ़ाने को लेकर सियासी तौर पर अपने-अपने तर्क दिए जा रहे हैं। इन तर्कों के अपने आधार हो सकते हैं। लेकिन इससे शायद ही कोई इनकार करेगा कि भारत के शहरों की सांस अगर फूल रही है तो इसकी बड़ी वजह उनकी ओर बेतहाशा हो रहा पलायन और उस बड़ी जनसंख्या के लिए इस्तेमाल हो रहे उपभोक्ता वस्तुओं का बड़ा योगदान है। भारत में आबादी बढ़ाने की जगह आबादी के समन्वित और संतुलित वितरण की जरूरत ज्यादा है। ग्रामीण इलाकों में आबादी को रोकने की कोशिश होनी चाहिए। ग्रामीण आबादी को बुनियादी शिक्षा और रोजगार गांवों या उसके आसपास ही उपलब्ध कराने की नीतियों पर आगे बढ़ना चाहिए। अगर ऐसा होगा तो निश्चित तौर पर आबादी को संतुलित किया जा सकेगा। तब गांव आबादी विहीन नहीं होंगे और शहरों पर आबादी का असंतुलित बोझ नहीं बढ़ेगा। गांवों में हो रही खपत और खर्च को लेकर आ रहे आंकड़ों का पहला असर यही होना चाहिए कि गांवों में आबादी रूके। लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। ग्रामीण इलाके में बढ़ते खर्च से अव्वल तो गांवों में रोजगार के साधन बढ़ने चाहिए। लेकिन इस दिशा में ठोस बदलाव होते नजर नहीं आ रहे।

-उमेश चतुर्वेदी-

## कविता
### मौनी अमावश्य



घटती-घटना
मोनिका डागा आनंद
चेन्नई तमिलनाडु

माघ मास की पावन तिथि अमावस्या,
जनप्रचलित कहते है मौनी अमावस्या,
यह तिथि है अत्यंत ही शुभ फलदायक,
पुण्यदाई, संकटनिवारणी, लाभदायक ।
वाणी पर संयम शांत चित्त ये तपो व्रत,
साधु, संत, जनमानस रखते मौन व्रत,
पितरों की शांति के लिए करते तर्पण,
इष्ट का ध्यान जप, तप, सेवा समर्पण ।
जब पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होगा,
जीवन में खुशियों का आगमन होगा,
कर्म दोषों से मुक्ति पालो सभी लोग,
अमृत स्नान का अति उत्तम यह योग ।
बड़ी महिमा है इस अमावस्या तिथि की,
सनातन धर्म में संगम तट स्नान करने की,
पूरी होती हर अधूरी आस और फरियाद,
देवी-देवता, पितरों का मिलता आशीर्वाद ।
पितरों की शांति के लिए करो मन से तर्पण,
स्नान,ध्यान,जप,तप,दान,पूजन व अर्चन,
पूर्ण महाकुंभ में भागी बनो पुण्य अर्जित कर,
सेवा,सत्संग,संकीर्तन, गुरु सानिध्य पाकर ।

## कविता
### हालात सिखा देती है



घटती-घटना
लक्ष्मीनारायण
खुंटेरी,गरियाबंद
छत्तीसगढ़

हटाकर मिट्टी दाना उठाना सीख जाता
परिंदे चार दिन में फड़फड़ाना सीख जाता
समय की सबक होती ही है अनुपम
इंसान जिंदगी जीना जोर सीख जाता।।
गरीबी ला के दे देती खास एक हुनर
संसाधन जुटाने करता खूब सफर
जो खेलता साथी संग भौंरा बाटी
नंगे पैर आज समान ढोना सीख जाता।।
स्कूल के समय किताब होती दीवारों पर
रोटी के लिए श्रम करता वह बाजारों पर
आंख होती नम तन तर होती पसीना से
नाजुक कंधा भी पत्थर फेंकना सीख जाता।
इनके मन में उग रहे थे ख्वाब सुनहरे
हालात के आगे कैसे होता ख्वाब सुनहरे
सारी आशाएं बदल जाते निराशा में
फिर भी वह रोकर हंसना सीख जाता।।
बचपन की मुस्कुराहट छीन लेती
परिस्थितियों की चादर ढक देती
कैसे हुनर विवशता का करिश्मा है
हर दर्द को हस्ते सहना सीख जाता।।

# सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन

दिसम्बर 2022 में जोशीमठ में अपने भवनों, सड़कों, खेतों में दिखतीं दरारें, कहीं-कहीं भवनों का तिरछा होता देख तथा पानी के फव्वारे फूटते देख भयंकर जाड़ों में भी दिन-रात भारत-चीन के सीमांत नगर जोशीमठ के निवासी सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन में जुटे थे।इसरो की वेबसाइट के अनुसार अप्रैल- नवम्बर, 2022 के बीच धंसाव 8-9 सेमी. था जबकि दिसम्बर 27, 2022 से जनवरी 8, 2023 के केवल बारह दिनों में यह 5-4 सेमी. था। उन्हीं दिनों अन्य नगरों और गांवों से भी जोशीमठ जैसी स्थितियों के उपजने की खबरें आने लगी थीं। तब उत्तराखंड सरकार ने जोशीमठ सहित एक दर्जन से ज्यादा नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने की सार्वजनिक घोषणा की थी। पुन- 2024 में चारधाम यात्रा पड़ावों और प्रमुख पर्यटक स्थलों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की एक ही दिन में हजारों की भीड़ पहुंचने तथा वाहनों से जाम जैसी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार ने यात्रा मागरे के पड़ावों और भारी भीड़ से बोझिल नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने का अपना मंतव्य व्यक्त कर दिया था किन्तु ठोस कार्रवाई न तो 2022 में हुई और न ही 2025 तक भी होती दिखी है। जोशीमठ का परिप्रेक्ष्य जनसंख्या भार और बाहरी आती-जाती भीड़ की बजाय वहां की भूगर्भीय कमजोरियों का है जबकि तीर्थ और पर्यटन स्थलों का मामला भीड़भाड़ का है। जोशीमठ की बसावट एक पुराने भूस्खलन, हिमस्खलन मोरेन हिमोड के ऊपर है। ड्रेनेज पैटर्न की भी समस्या है। हालांकि स्थानीय जोशीमठ बचाओ संघर्ष समितिई भूधंसाव और दरारों के लिए एक जल विद्युत परियोजना की कई किमी. की सुरंग और हेलंग बायपास निर्माण को आज भी जिम्मेदार मानती है। निस्संदेह उत्तराखंड के पर्वतीय नगर और गांवों की धारण क्षमता के आकलन की आवश्यकता है परंतु इसके लिए सरकार और आम जन में भी एक समग्र समझ पैदा होना जरूरी है।धारण क्षमता आकलन प्राथमिक समाधान की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वहनीय क्षमता की लक्ष्मण रेखा को लांघने के जोखिमों के संदर्भ में सचेत होने की प्रक्रिया है। धारण क्षमता जान कर तब फायदा है जब हम उसके प्रति संवेदित हों किन्तु पिछले दो सालों से स्मरण कराया जा रहा है कि दिल्ली से देहरादून का सफर अब सात की जगह दो घंटे का होने वाला है। देहरादून से मसूरी और वहां से होते हुए पर्यटन और तीर्थस्थलों तक पहुंचने में जाम न लगे, पार्किंग में भी दिक्कत न हो, इसके लिए सुरंगें प्रस्तावित हैं। ॠषिकेश से टिहरी बांध झील तक सफर दो घंटे कम हो जाए, इसके लिए भी कई किमी. की सुरंग बनेगी।केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के हवाले से एक समाचार था कि गंगोत्री और यमुनोत्री को जोडने़ वाली उत्तराखंड की सबसे लंबी सुरंग बनाई जानी है। साढ़े चार किमी. लंबी यह राह तीन साल में एक हजार करोड़ रुपये की लागत से बनेगी। सैकड़ों किमी. सुरंग जिन गांवों के नीचे जाएंगी उनसे उन गांवों की धारण क्षमता बढ़ेगी तो नहीं, घटेगी ही। जहां रेलवे सुरंग या जलविद्युत परियोजनाओं की सुरंग गांवों और के नीचे खोदी गई हैं, उन सब के यही अनुभव हैं।खास बात यह है कि ये प्रस्तावित मेगा निर्माण उन क्षेत्रों के बीच से होने हैं जो राज्य के दशकों से आधिकारिक चिन्हित इको सेंसेटिव जोन हैं। टिहरी बांध जलाशय निर्माण के साथ ही उत्तरकाशी से आगे तक भागीरथी इको सेंसेटिव जोन अधिघोषित हो गया था। इसमें कई पारिस्थितिकीय प्रतिबंध लगाए गए थे। देहरादून-मसूरी का क्षेत्र निर्माण कायरे के संदर्भ में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में ही इको सेंसेटिव क्षेत्र घोषित कर दिया गया था। अब तो हवाई पट्टियों के निर्माण की भी होड़ लगी है। एक साथ अंडे और मांस पाने के लिए मुर्गी को मारने में भी जब कोई गुरेज नहीं तो धारण क्षमता जान कर भी क्या होगा या फिर इसे जाना ही क्यों जा रहा है।

-वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक





# भाजपा-कांग्रेस ने रैली निकालकर किया शक्ति प्रदर्शन, फिर मेयर व 48 पार्षदों ने दाखिल किया नामांकन

## शहर के अग्रसेन चौक से घड़ी चौक तक बाजे-गाले के साथ भाजपा ने निकाली रैली, फिर मेयर व पार्षद प्रत्याशियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर दाखिल किया नामांकन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगरीय निकाय चुनाव के नामांकन दाखिले के अंतिम दिन मंगलवार को भाजपा व कांग्रेस के महापौर व पार्षद प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल किया। भाजपा ने अग्रसेन चौक से गाजे-बाजे के साथ घड़ी चौक तक रैली निकाली। इस दौरान मेयर प्रत्याशी मंजूषा भगत रथ पर सवार थीं। इसके बाद 48 पार्षद प्रत्याशियों के साथ उन्होंने कलेक्टोरेट पहुंचकर नामांकन फार्म भरा। वहीं कांग्रेस ने राजीव भवन से शहर में रैली निकालकर मेयर व पार्षद प्रत्याशियों का नामांकन दाखिल कराया। इस दौरान शहर में गहमागहमी की स्थिति बनी रही। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का दावा किया।

भाजपा महापौर प्रत्याशी श्रीमती मंजूषा भगत के साथ भाजपा पार्षद प्रत्याशियों की नामांकन रैली भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में आज खरसिया रोड स्थित अग्रसेन भवन के पास से शुरू होकर अग्रसेन चौक, जय स्तंभ चौक, महामाया चौक, संगम चौक होते हुए घड़ी चौक पहुंची। अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल,वरिष्ठ भाजपा नेता अखिलेश सोनी,अनिल सिंह मेजर, कमलभान सिंह,ललन प्रताप सिंह, हरपाल सिंह भामरा तथा विश्व विजय तोमर की उपस्थिति में जोरदार नारे एवं ढोल नगाड़ों के साथ निकली रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया।स्थानीय घड़ी चौक पर नामांकन रैली आम सभा में तब्दील हो गई जहां कैबिनेट मंत्री और नगरी निकाय चुनाव प्रभारी लक्ष्मी राजवाड़े भी शामिल हुई, जिसमे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने आमसभा को संबोधित किया। आमसभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े में कहा कि नामांकन रैली मैं उमड़ी भीड़ यह बता रही है कि निगम में भाजपा की सरकार बनने जा रही है, उन्होंने कहा कि आपने जिस प्रकार विधानसभा एवं लोकसभा में भाजपा को जीता कर सरकार बनाई है वैसे ही निगम चुनाव में भी भाजपा की सरकार बनाएं, कांग्रेस ने पिछले 10 सालों में अंबिकापुर नगर निगम को बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है, आपको निर्णय लेना है कि अंबिकापुर नगर निगम को विकास की ओर लेकर जाना है या विनाश की ओर। इस अवसर पर महापौर प्रत्याशी मंजूषा भगत ने कहा कि 11 फरवरी को मतदान है, और आप सब आम जनता से अपील है कि कांग्रेस की कुशासित निगम सरकार को सबक सिखाते हुए भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाएं।




### कांग्रेस प्रत्याशियों ने भी दाखिल किया नामांकन

इधर कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी डॉ. अजय तिर्की ने 48 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस ने घड़ी चौक स्थित राजीव भवन से शहर में रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। फिर वे कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह, पूर्व अजजा आयोग के अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, जेपी श्रीवास्तव समेत काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने इन्हें उतारा वार्ड पार्षद के लिए उम्मीदवार

जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने नगर निगम अंबिकापुर के सभी 48 वार्डों के लिए पार्षद उम्मीदवारों व नगर पंचायत सीतापुर व लखनपुर के अध्यक्ष व वार्ड पार्षद की सूची जारी की। जिसमें अंबिकापुर नगर निगम वार्डों के लिए 31 नए चेहरे को मौका दिया गया है। उम्मीदवारों में वार्ड नंबर 1 वेद प्रकाश शर्मा, वार्ड नंबर 2 से आशीष शील, वार्ड नंबर 3 से गीता रजक, वार्ड नंबर 4 से संगीता मिंज, वार्ड नंबर 5 से अविनाश एस कुजूर, वार्ड नंबर 6 से शिवम गुप्ता, वार्ड नंबर 7 से द्वितेन्द्र मिश्रा, वार्ड नंबर 8 से लुकस एक्का, वार्ड नंबर 9 से अजय अरूण मिंज, वार्ड नंबर 10 से निम्मन राशि एक्का, वार्ड नंबर 11 से जे कुजूर, वार्ड नंबर 12 से प्रमोद चौधरी, वार्ड नंबर 13 ये इंद्रावती सिंह, वार्ड नंबर 14 से विजय बेग, वार्ड नंबर 15 से अजय अग्रवाल, वार्ड नंबर 16 से गीता प्रजापति, वार्ड नंबर 17 से रूबी जैन, वार्ड नंबर 18 से संध्या ताम्रकार, वार्ड नंबर 19 से शुभम जायसवाल, वार्ड नंबर 20 से अशोक सिंह, वार्ड नंबर 21 से रेखा झा, वार्ड नंबर 22 से रीना सोनी, वार्ड नंबर 23 से संजय सिंह, वार्ड नंबर 24 से सतीश बारी, वार्ड नंबर 25 से जागृति सोनी, वार्ड नंबर 26 से विकास केशरी, वार्ड नंबर 27 से सुशील केशरी, वार्ड नंबर 28 से रोशन कन्नोजिया, वार्ड नंबर 29 से , वार्ड नंबर 30 से हिमांशु जायसवाल, वार्ड नंबर 31 से कलीम अंसारी, वार्ड नंबर 32 से किरण सोनी, वार्ड नंबर 33 से मेघा खाण्डेकर, वार्ड नंबर 34 से संजीव मंदिलवार, वार्ड नंबर 35 से रूबी सिद्दीकी, वार्ड नंबर 36 से मेराज रंगरेज, वार्ड नंबर 37 से वर्षा सोनी, वार्ड नंबर 38 से पपिन्दर सिंह, वार्ड नंबर 39 से शफी अहमद, वार्ड नंबर 40 से , वार्ड नंबर 41 से मो. बाबार इद्रिसी, वार्ड नंबर 42 से मो. अख्तर चम्मा, वार्ड नंबर 43 से शशिकला तिवारी, वार्ड नंबर 44 से सीमा सोनी, वार्ड नंबर 45 से, वार्ड नंबर 46 से मनोज कुमार मिंज, वार्ड नंबर 47 से मिला तिर्की, वार्ड नंबर 48 से सुभाष पैकरा का नाम शामिल है।

## कड़ाके की ठंड में रातभर घर के बाहर सोया था ग्रामीण, सुबह अकड़ा हुआ मिला शरीर

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले में फिर से ठंड लौट आई है। सोमवार को न्यूनतम



तापमान 5 डिग्री के आस-पास बना हुआ था। कड़ाके की ठंड में लोग अपने घरों में दुबके रहे। इधर जिले के दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ग्रामीण शराब के नशे में रातभर घर के बाहर सड़क किनारे सो गया था। मंगलवार की सुबह उसकी अकड़ी अवस्था में लाश मिली। सूचना पर पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। प्रथमदृष्टया ठंड से उसकी मौत की आशंका जताई जा रही है।

सरगुजा जिले के दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेवापुर में शराब के नशे में एक ग्रामीण सोमवार की रातभर सड़क किनारे सोया हुआ था। सुबह उसकी लाश अकड़ी हुई मिली। बताया जा रहा है कि ठंड से उसकी मौत हुई है। आशंका जताई जा रही है कि वह हाइपोथर्मिया की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। ग्रामीण ने गर्म कपड़े भी नहीं पहने थे।

## होली क्रॉस स्कूल के छात्रा के अपहरण की कोशिश,जांच में जुटी पुलिस

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



शहर के होली क्रॉस स्कूल के एक छात्रा के अपहरण की कोशिश का एक मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार शहर के सुभाषनगर निवासी 12 वर्षीय बालिका होली क्रॉस स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ती है। वह मंगलवार को स्कूल गई थी। दोपहर करीब 1 बजे एक अज्ञात व्यक्ति छात्रा को स्कूल से लने आया। वह स्कूल गेट पर छात्रा का नाम लिखकर पर्ची भेजा था। वह स्कूल प्रबंधन को बताया कि छात्रा का मैं चाचा हूं, उसका तबियत खराब है इस लिए मैं उसे लेने आया हूं। स्कूल के शिक्षक द्वारा क्लास रूम में पढ़ाई कर रही छात्रा को इसकी जानकारी दी गई तो वह बोली की मेरा कोई चाचा नहीं है और में बीमार भी नहीं हूं। छात्रा स्कूल से जाने को तैयार नहीं हुई। छात्रा जब स्कूल से जाने को तैयार नहीं हुई तो बदमाश युवक ने स्कूल के पास छिपकर छुट्टी होने का इंतजार करता रहा। जब स्कूल की छुट्टी हुई तो छात्रा स्कूल से बाहर निकलकर घर जाने के लिए अपने वैन में बैठने लगी। इस दौरान अचानक बदमाश व्यक्ति छात्रा को अपनी ओर खिंचते हुए उसका मुंह बंद कर दिया। छात्रा जाने को तैयार नहीं हो रही थी। छात्रा का विरोध को देखकर आस पास के सिनियर छात्रों ने बीच बचाव किया। सिनियर छात्रों को पहुंचने के बाद बदमाश छात्रा को छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके स्कूल पहुंची और मामले की जांच की। पुलिस ने स्कूल में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला। मामले में गांधीनगर थाना प्रभारी मोरध्वज देशमुख का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। अब तक सीसीटीवी फुटेज में ऐसी घटना सामने नहीं आई है।

### नाबालिग किशोर को जबरन कार में बैठाने की कोशिश

सोशल मीडिया पर एक वीडिया वायरल हो रहा है। जिसमें कार सवार बदमाशों द्वारा एक नाबालिग किशोर को जबरन पकड़कर खिंचते हुए कार की ओर ले जाया जा रहा है। हालांकि मोहल्ले वालों के दौड़ाने पर कार सवार बदमाश किशोर को छोड़कर फरार हो गए। घटना 26 जनवारी के मणिपुर थाना क्षेत्र के बाबूपारा की ही है। वहीं मामले में मणिपुर थाना प्रभारी अखिलेश सिंह का कहना है कि नाबालिग के पिता द्वारा मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मामले की जांच की जा रही है।



# भारत और चीन को ट्रंप की चेतावनी...

## टैरिफ को लेकर भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति, बोले-'अब केवल America First

**नई दिल्ली, 28 जनवरी 2025।** डोनाल्ड ट्रंप ने आज भारत, चीन और ब्राजील पर टैरिफ को लेकर निशाना साधा है। ट्रंप ने तीनों देशों को जबरदस्त टैरिफ-निर्माता करार दिया और कहा कि उनकी सरकार तीनों को अब और मनमानी नहीं करने देगी।

ट्रंप ने इसी के साथ घोषणा की कि हम ऐसा अब और नहीं होने देंगे क्योंकि हम अमेरिका को प्राथमिकता देंगे।

» ब्रिक्स देशों को अमेरिका में संयंत्र लगाने को कहा।

» अमेरिकी नागरिकों की जगह दूसरे देशों पर टैक्स लगाएंगेः ट्रंप

### हमें नुकसान पहुंचाना चाह रहे ब्रिक्स देशःट्रंप

दरअसल, फ्लोरिडा रिट्रीट में हाउस रिपब्लिकन से बात करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि तीनों देश तेजी से प्रभावशाली होते जा रहे ब्रिक्स ब्लॉक के संस्थापक सदस्य हैं और केवल अपने हित देख रहे हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि अपने सर्वोत्तम हितों के लिए तीनों देश हमें नुकसान पहुंचाना चाह रहे हैं।

### टैरिफ लगाने की दी चेतावनी

ट्रंप ने कहा कि हम बाहरी देशों और उन लोगों पर टैरिफ लगाने जा रहे हैं जो हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा कि उनका मतलब हमें नुकसान पहुंचाना है, लेकिन वे मूल रूप से अपने देश को अच्छा बनाना चाहते हैं।



### पीएम मोदी से बीती रात हुई बातचीत

ट्रंप का ये बयान उस समय आया है, जब बीती रात उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और पीएम अगले महीने की शुरुआत में वाशिंगटन में ट्रंप से मुलाकात भी करने वाले हैं। दोनों नेताओं ने सोमवार रात को फोन पर बात की, जिसमें %अवैध अप्रवासियों% पर चर्चा हुई। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि इस बातचीत में टैरिफ एजेंडे में थे या नहीं।

### अमेरिका में संयंत्र लगाने को कहा


ट्रंप ने कहा कि भारत, चीन या ब्राजील जैसे विदेशी देशों की कंपनियां अगर उच्च टैरिफ से बचना चाहती हैं, तो उन्हें अमेरिका में ही अपना संयंत्र बनाना होगा। उन्होंने रिपब्लिकन्स को स्टील, एल्युमीनियम, तांबा और अमेरिकी सेना द्वारा आवश्यक अन्य सामग्रियों पर टैरिफ लगाने की योजना के बारे में भी बताया। ट्रंप ने कहा,

हमें उत्पादन वापस लाना होगा... एक समय था जब हम एक दिन में एक जहाज बनाते थे। अब हम ऐसा नहीं कर सकते... हमें नहीं पता कि हम क्या कर रहे हैं।

अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर उच्च टैरिफ ट्रंप के चुनावी अभियान का भी मुद्दा रहा था। उन्होंने ब्रिक्स देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की भी चेतावनी दी।

### नागरिकों की जगह दूसरे देशों पर कर लगाने की बात

ट्रंप ने आगे कहा कि हम बहुत जल्दी अमेरिका को अधिक समृद्ध और अधिक शक्तिशाली बनाएंगे। उन्होंने पिछले सप्ताह शपथ लेने के बाद कहा था कि दूसरे देशों को समृद्ध बनाने के लिए अपने नागरिकों पर कर लगाने के बजाय... हम अपने नागरिकों को समृद्ध बनाने के लिए विदेशी देशों पर कर लगाएंगे।



## भूकंप के तेज झटकों से हिली धरती,डरे-सहमे लोग घरों से निकले बाहर

**तिब्बत,28 जनवरी 2025।** तिब्बत में सोमवार को एक और भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र 29.10 N अक्षांश और 87.66 E देशांतर पर था, और इसकी गहराई 5 किलोमीटर थी।

भूकंप जब उथले होते हैं, तो यह गहरे भूकंपों की तुलना में ज्यादा खतरनाक हो सकते हैं। इसका कारण यह है कि उथले भूकंपों में अधिक ऊर्जा सतह तक पहुंचती है, जिससे ज्यादा तीव्रता और नुकसान होता है। यह क्षेत्र हाल ही में भूकंप के झटकों से प्रभावित रहा है। 24 जनवरी को इस इलाके में 4.4 तीव्रता का भूकंप आया था। हालांकि, अभी तक किसी प्रकार के नुकसान या चोट की कोई खबर नहीं आई है।

# उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में तेल टैंकरों के काफिले पर अज्ञात हथियारबंद लोगों का हमला



**पेशावर, 28 जनवरी 2025।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने कुर्रम जिले में डीजल और पेट्रोल की आपूर्ति बाधित करने के लिए तेल टैंकरों के काफिले पर हमला कर दिया। सोमवार को बागान इलाके में बंदूकधारियों ने वाहनों के काफिले पर गोलीबारी की। हालांकि कोई नुकसान नहीं हुआ। टैंकर बाद में जिले के अलीजई इलाके में पहुंच गए। पुलिस ने बताया कि टैंकरों का काफिला जब पुलिस और सुरक्षा बलों की निगरानी में बागान बाजार पहुंचा, तो बदमाशों ने पास के तालु कुंज इलाके से गोलीबारी शुरू कर दी।

अधिकारियों ने बताया कि तीन काफिलों ने हांगू जिले के थाल क्षेत्र से कुर्रम तक खाद्य और अन्य आवश्यक वस्तुएं पहुंचाईं। उन्होंने बताया कि पहले काफिले में 62 वाहन थे जबकि दूसरे में 58 बड़े मालवाहक ट्रक थे। अधिकारियों ने बताया कि पांच टैंकरों सहित तीसरे काफिले ने मार्गों के बंद होने के बाद पहली बार सोमवार को सफलतापूर्वक पेट्रोलियम उत्पादों को कुर्रम पहुंचाया। 'अमन जिरगा के सदस्यों ने बताया कि वे हाल ही में हुए शांति समझौते के उल्लंघन, खासकर बागान में तेल टैंकरों पर गोलीबारी को लेकर चर्चा करेंगे और उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई की रूपरेखा तय करेंगे।

क्षेत्र से प्रांतीय विधानसभा के सदस्य अली हादी इरफानी ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि निहित स्वार्थी तत्व कुर्रम में अशांति पैदा करने पर तुले हुए हैं। इरफानी ने कहा कि वह मंगलवार को होने वाली 'अमन% जिरगा में इस मुद्दे को उठाएंगे और जिरगा व सरकार से शांति समझौते के बार-बार उल्लंघन के संबंध में अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने का आग्रह करेंगे।

# विवाह कार्यक्रम में गए युवक पर चाकू से हमला

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

विवाह कार्यक्रम में शामिल होने गए नमनाकला निवासी युवकों के बीच देर रात खूनी संघर्ष की स्थिति बन गई। समूह में पहुंचे युवकों ने लाठी, डंडा, चाकू से वार करके एक युवक को ज मी कर दिया। घटना की जानकारी मणिपुर थाना में दी गई है, जिस पर पुलिस केस दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक नमनाकला में पावर हाउस के पास रहने वाले जीवन एक्का पिता रामवृक्ष 27 जनवरी को अपने दोस्तों के साथ बाबूपारा में स्थित शादी घर हरिमंगलम में वैवाहिक आयोजन में शामिल होने के लिए गया था। रात लगभग 10 बजे संभवत- पुरानी रंजिश को लेकर मोहल्ले के ही 10-12 लोगों से मारपीट की नौबत बन गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच लाठी, डंडा, हाथ-मुक्का, ईंटा से हमला करने की बातें भी सामने आ रही हैं। भागते समय आरोपियों में से किसी ने जीवन एक्का पर पीछे से चाकू से वार कर दिया, जिसमें वह ज मी हो गया। मंगलवार को मणिपुर थाना पुलिस को पीड़ित ने घटना से अवगत कराया। पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण कराया है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन जिला पंचायत सदस्य हेतु 26 नामांकन पत्र किए गए क्रय,01 प्रत्याशी ने किया नामांकन पत्र दाखिल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिला पंचायत के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया सोमवार को शुरू हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाम निर्देशन के दूसरे दिन मंगलवार को 26 नामांकन पत्र क्रय किए गए तथा आज निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक तीन से बॉबी अंकिता एक्का ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

बता दें नामांकन प्रक्रिया 3 फरवरी 2025 को अपराह्न 3 बजे जनसूचना अधिकारी कक्ष में पूरी होगी, जबकि नामांकन की संवीक्षा इसी कक्ष में 4 फरवरी को सुबह 10 बजे से होगी। अभ्यर्थी 6 फरवरी को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण का मतदान 17 फरवरी, द्वितीय चरण का मतदान 20 फरवरी तथा तृतीय चरण का मतदान 23 फरवरी को होगा। मतगणना मतदान के तुरंत बाद संबंधित मतदान केंद्रों पर की जाएगी। प्रथम चरण का परिणाम 20 फरवरी, द्वितीय चरण का परिणाम 23 फरवरी, तृतीय चरण का परिणाम 25 फरवरी को जिला मुख्यालय में ही घोषित किया जाएगा।




# चावल लोड ट्रक में लगी आग,अग्निशमन टीम ने काफी मशक्कत के बाद बुझाया

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिला के सीतापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राधापुर-बनेया मु य मार्ग में ट्रक में आग लगने से लगभग 100 बोरा चावल जलकर खाक हो गया। आग लगने का पुष्ट कारण पता नहीं चल पाया है। आननफानन में खतरे के बीच मजदूरों और ग्रामीणों के सहयोग से ट्रक में लदे चावल की बोरियों को उतरवाया गया, इस दौरान आग ट्रक के इंजिन के हिस्से में पूरी तरह से आग फैलते जा रही थी। बताया जा रहा है कि ट्रक में लोड चावल को लेकर चालक प्रतापगढ़ राइस मिल से वेयर हाउस बनेया में जमा करने जा रहा था। बाद में चालक और आम लोगों के सूझबूझ से आग पर काबू पाया गया, जिससे किसी प्रकार की बड़ी घटना की स्थिति नहीं बनने पाई। इधर प्रतापगढ़ के राधापुर में ट्रक क्रमांक सीजी 15 ए 4570 में आग लगने की सूचना दिन में 10.43 बजे अग्निशमन अधिकारी को मिली और फायर स्टेशन प्रभारी अंजनी तिवारी के साथ फायर टीम मौके लिए रवाना हुई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक वाहन बुरी तरह से जल चुकी थी। इस दौरान फायर स्टेशन प्रभारी के साथ चालक बिजू नायर, फायरमैन गौरव पाठक, महेश चौबे, रमेश यादव उपस्थित थे।



## बस अड्डा से आरक्षक का मोटरसायकल चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

शहर के अंतर्राज्यीय बस अड्डा में स्थित पुलिस सहायता केंद्र के सामने खड़ी आरक्षक की मोटरसायकल को चोरों ने पार कर दिया। लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिनकरा निवासी आरक्षक अमित राजवाड़े ने पुलिस को बताया है कि 24 जनवरी को प्रात- 4.30 बजे वह अपनी मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 सीएम 0156 को अंबिकापुर बस स्टैंड में पुलिस सहायता केन्द्र के सामने खड़ा करके केपिटल बस से शासकीय काम से बिलासपुर, रायपुर गया था। 25 जनवरी को देर रात करीब 3.30 बजे वापस अंबिकापुर वापस आया तो मोटरसायकल नहीं था। रिपोर्ट पर केस दर्ज करके पुलिस जांच में जुट गई है।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेच दिया हाइड्रा मोबाइल क्रेन, रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

ऑपरेटर द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार हाइड्रा मोबाइल क्रेन बेचने का मामला सामने आया है। ट्रासपोर्टर ने इसकी लिखित शिकायत गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार दीपक कुमार चर्च रोड महुआपारा गोधनपुर का रहने वाला है। इसके पास हाइड्रा मोबाइल क्रेन क्रमांक सीजी 12 यू 0556 था, जिसे तोषराम ड्रायवर चलाता था। हाइड्रा मोबाइल क्रेन को चलवाने में दिक्कत होने पर माह जनवरी 2022 में वह उसे तोषराम को किराया पर चलाने के लिए दिया था, जिसका मौखिक अनुबंध हुआ। अनुबंध के अनुसार तोषराम खुद ही तय किया था कि वह हाइड्रा मोबाइल क्रेन के बदले में प्रतिमाह 15 हजार रुपये किराया देगा। इसके बाद तोषराम उपरोक्त वाहन को पत्थलगांव से अंबिकापुर के बीच चलाने लगा और लगभग डेढ़ साल तक 15 हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से कुल 4 लाख रुपये किराया बैंक के खाता में प्रदान किया था। अक्टूबर 2024 में उन्होंने तोष राम से फोन इंश्योरेंस के कागज के बारे में पूछा और कहा कि उसका तिथि देखना है, कब नवीनीकरण होगा, तो ऑपरेटर तोषराम मोबाइल डिस्कनेक्ट करके बंद कर दिया। जब उन्होंने अपने बड़े भाई राजेश सिंह को ऑपरेटर तोष राम के घर गंगापुर खुर्द भुईयापारा भेजा, तो पता चला कि कुछ दिनों पहले वह उक्त मकान को छोड़ दिया है।

### आरटीओ गया तो चला पता

वाहन स्वामी ने वाहन का इंश्योरेंस तिथि जानने के लिए जब वे आरटीओ गए तो पता चला कि उक्त वाहन 23 मई 2022 को ही सीताराम चैहान पिता राम प्रकाश चैहान निवासी पत्थलगांव के नाम पर दर्ज हो गया है। वाहन स्वामी ने ऑपरेटर तोष राम, सीता राम चैहान एवं आरटीओ कार्यालय के कर्मचारियों से मिलीभगत से वाहन को फर्जी हस्ताक्षर व फर्जी दस्तावेज तैयार करके सीता राम चैहान के नाम पर नामांतरित करने का आरोप लगाया है। उक्त वाहन की कीमत लगभग 7 लाख रुपये बताई गई है। दस्तावेज में वाहन स्वामी का फोटो भी लगाया गया है और फर्जी बिक्रीनामा और शपथ पत्र के कागज लगाकर सीताराम चैहान के नाम पर सदा के लिए बिक्री कर दिया गया है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अग्रिम वैधानिक जांच, कार्रवाई कर रही है।

# पीएचडी एवं डीएलएड की उपाधि के नाम पर निजी महाविद्यालय के प्राचार्य से 2.7 लाख की ठगी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य व उनकी पत्नी से पीएचडी एवं डीएलएड की शैक्षणिक उपाधि के नाम पर 2 लाख 7 हजार 400 रुपये ठगी का मामला सामने आया है। प्राचार्य ने मामले की रिपोर्टगांधीनगर थाना में दर्ज कराई है।

शहर के कन्या परिसर निवासी डॉ. अंजन सिंह पिता दीनबन्धु सिंह 50 वर्ष ने पुलिस को बताया है कि उनके मोबाइल पर कोविड काल प्रारंभ होने के पूर्व इग्नु विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कथित प्रोफेसर पुरुषोत्तम शर्मा ने फोन करके शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की जानकारी दी और बताया गया कि उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर पत्राचार से कोर्स करवाया जाता है। अंजन सिंह ने स्वयं पीएचडी करने एवं पत्नी अनिता सिंह को डीएलएड कराने के लिए पुरूषोत्तम से बात की। पीएचडी करने का शुल्क विवरण 89 हजार रुपये और डीएलएड का शुल्क 30 हजार रुपये बताया। उक्त फीस का भुगतान ऑनलाइन करने की सुविधा होने की जानकारी दी गई थी। इससे उनका संस्था के प्रति विश्वास बढ़ गया। प्राचार्य ने बताया है कि तयसमय उनके मोबाइल फोन पर गुगल पेमेंट की सुविधा नहीं थी, जिस कारण उन्होंने महाविद्यालय में कार्यरत स्टाफ आनन्द कुमार के मोबाइल नंबर से पहली बार 8 जनवरी को गुगल से भुगतान प्रोफेसर के मोबाइल नंबर पर 30 हजार रुपये एवं 89 हजार रुपये ट्रांसफर करा दिया। उपरोक्त दोनों कोर्स के लिए शुल्क का भुगतान करने के बाद भी बीच-बीच में अतिरिक्त शुल्क का डिमांड की जाने लगी और कहा जाने लगा कि अतिरिक्त शुल्क नहीं देने पर आपका नामांकन रिजेक्ट हो जाएगा, इस कारण उन्होंने 88 हजार 400 रुपये पुन- मोबाइल धारक को ऑनलाइन भुगतान कर दिया। इसके बाद उक्त प्रोफेसर ने समस्त प्रक्रिया पूर्ण होने की जानकारी दी और कहा कि उनका ऑनलाइन अपडेट एवं डॉक्यूमेंट प्रोसेसिंग 18 अप्रैल 2024 तक पूर्ण हो जाएगा।




### और की गई थी रुपए की मांग

21 अप्रैल 2024 को मोबाइल से संपर्क करके अपडेट करने की जानकारी लेने पर पुन- बोला गया की आपका पेमेंट पूरा नहीं जमा हुआ है। पूरा फीस भुगतान कर देने की बात कहने पर कथित प्रोफेसर ने कहा कि इग्नु विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर को 25 हजार रुपये देना है, जो आप नहीं दिए इस कारण आपका केस रिजेक्ट हो गया है। इसके बाद वे प्रोफेसर पीपी शर्मा इग्नु विश्वविद्यालय नई दिल्ली से कॉल करके बात करने का प्रयास करते रहे, लेकिन उनका कॉल डायवर्ट कर दिया गया। बार-बार कॉल करने के बाद भी कथित प्रोफेसर द्वारा फोन नहीं उठाने पर उन्हें धोखाधड़ी का एहसास हुआ। रिपोर्ट पर पुलिस विवेचना कर रही है।

# याद है न भ्रष्टाचार कोरोना काल का...स्टेप डी सेनिटाइजर का...:श्याम बिहारी जायसवाल



### मुझे गरीबों का जमीन लूटने वाला बताने वाला है कांग्रेस का महापौर प्रत्याशी,जबकि यह झूठ था:श्याम बिहारी जायसवाल

### मुझे बदला लेने का मौका मिला,जिससे विधानसभा में लड़कर हराना था वह अब महापौर प्रत्याशी बतौर हारेगा: श्याम बिहारी जायसवाल

### भाजपा के नामांकन रैली में हजारों की भीड़,महापौर प्रत्याशी समेत 40 पार्षदों ने दाखिल किया नामांकन

### यह चुनाव राम नरेश सिंह राय नहीं बल्कि मैं लड़ रहा हूं:श्याम बिहारी जायसवाल

**स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,भाजपा जिलाध्यक्ष,मंडल अध्यक्ष,पूर्व महापौर,योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष काफिले में रहे शामिल**

## आमसभा से गरजे स्वास्थ्य मंत्री...दी चुनौती

आज मंच से स्वास्थ्य मंत्री ने 05 साल पहले की याद को आम जनता के सामने रखते हुए कहा कि कांग्रेस घर परिवार की पार्टी है, भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो चाय वाले को प्रधानमंत्री बना सकती है और इस बार भी एक चाय वाले को महापौर प्रत्याशी प्रदेश में बनाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि इस बार फिर विपक्ष ने ऐसे व्यक्ति को प्रत्याशी बना दिया है जो आंख में धूल झोंकने का काम ही नहीं करता बल्कि मिर्ची डालने का काम करता है। जब चिरमिरी की जनता कोरोना में त्राहि त्राहि कर रही थी उस वक्त यही सख्श सेनेटाइजर घोटाले में मस्त था जब इससे भी पेट नहीं भरा तो भोलेनाथ को भी नहीं छोड़ा, 50 लाख की सड़क में 05 लाख खर्चा कर पूरा डकार गए। ऐसे शख्स को कांग्रेस प्रत्याशी बनाई है। मंत्री ने आगे कहा कि डाक्टर ने तो मेरे खिलाफ जनता को भड़काने का काम 05 साल तक किया लेकिन ईश्वर की मार तो देखिए उन्हें कांग्रेस ने टिकट से ही बाहर कर दिया था लेकिन अब मौका मिला है इस मौके का फायदा भारतीय जनता पार्टी ही नहीं बल्कि चिरमिरी की जनता भी लेना चाहेगी।

## ट्रिपल इंजन बनकर करेंगे चिरमिरी का विकास

डाक्टर 05 साल विधायक रहे तो पेट नहीं भरा अपनी धर्मपत्नी को महापौर बनाया, उन्होंने कहा था डबल इंजन के साथ विकास होगा, लेकिन डबल इंजन के साथ विकास के नाम पर स्लोगन दिया की विनय है तो विश्वास है किंतु इस क्षेत्र को विनाश का अड्डा बनाने का काम विधायक ने किया। चिरमिरी की जनता भावुक है, वो इनकी बातों में आ कर विश्वास कर बैठी। मेरे जैसे व्यक्ति पर कीचड़ उछालने के लिए रायपुर में प्रेस कांफ्रेंस किया और कहा कि मैने जमीन छीनी है आप बताइए अगर मैने ऐसा किया होता तो क्या जहां से 6800,6500 वोट मिला था वहां से इस बार बढ़कर 12800 मिला, ये कोई साधारण बात नहीं है। आपने देखा है कि सत्ता का उपयोग करके मेरा चरित्र हनन किया गया। ये वही बड़ाबाजार है जहां मेरी तस्वीर पर साड़ी पहनाकर, बिंदी लगाकर मेरा अपमान करने का काम किया गया, ऐसे षडयंत्र कारी धोखेबाज को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस प्रत्याशी पर जोरदार हमला करते हुए विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने आगे कहा कि रोजगार के नाम पर जो रोजगार दिया वो कोयला खोदने का था और कौन सा कोयला, जिसे अवैध कहा जाता है, शराबखोरी को बढ़ावा दिया, आज नौजवान 18 साल की उम्र में 35 और 45 की उम्र में 60 साल के दिखाई दे रहे है, चमड़ियां सिकुड़ने लगी है और उन्हीं के परिवार की बद्दुआ लगी है इसलिए डाक्टर साहब आपको टिकट नहीं मिला, आपने चिरमिरी को जीती जागती लाश बनाकर छोड़ दिया है। जगह जगह जो आग दिखाई देता है यह इन्हीं का विकास है।



-संवाददाता-
चिरमिरी/एमसीबी 28 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।
बड़ा बाजार कुरासिया मैदान में भारतीय जनता पार्टी का आमसभा एवं नामांकन रैली का आयोजन किया गया। इस आमसभा और नामांकन रैली में भारतीय जनता पार्टी के चिरमिरी नगर निगम के 40 वार्डों के प्रत्याशियों समेत स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले, योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष संजय अग्रवाल, चिरमिरी मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनकर, पूर्व



महापौर डमरू बेहरा समेत भाजपा की महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित हजारों की संख्या में जनमानस पहुंचे थे। कार्यक्रम में भाजपा के प्रत्याशी राम नरेश सिंह राय और 40 वार्डों के प्रत्याशियों की जीत को सुनिश्चित करने वाला यह कार्यक्रम बदलाव की ओर इशारा करता दिखा। युवाओं के जोश और भारी भीड़ देख स्वयं स्वास्थ्य मंत्री को बोलना पड़ा कि इतना भीड़ और जन सैलाब तो विधानसभा में भी नहीं दिखा यानि इस बार चिरमिरी की जनता भाजपा के मूड में है और शहर सरकार में बदलाव चाहती है। आम सभा में पहुंचे महापौर प्रत्याशी राम नरेश राय मंच से हाथ जोड़कर चिरमिरी की जनता से समर्थन की अपील की वही पूर्व अध्यक्ष डमरू बेहरा ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की।

## अरे आपने तो उस एसईसीएल को भी नहीं बख्शा जिससे यहां की जीविका जुड़ी है:श्याम बिहारी

हां आपने काम दिया है...एसईसीएल का लोहा काटने का काम दिया है और वह जो पैसा लोगों को मिला उससे शराब खोरी, ड्रग्स, नशीली दवाइया,गांजा, चरस में अपार बढ़ोत्तरी हुई। अरे आपने तो उस एसईसीएल को भी नहीं बख्शा जिससे यहां की जीविका जुड़ी है, उसका भी आपने नल और टोटी काटने का काम किया है और आप कहते हो विकास किए है। विकास को हमने साकार किया है, भारतीय जनता पार्टी ने साकार किया है, हमने नई खदान खोलने का पहल किया, बरतूंगा में नई खदान, अंजन हिल माइंस में नई खदान, आर 6 माइंस में नई खदान और बंद पड़े साजा पहाड़ और लक्ष्मण झिरिया खदान खोलने का काम किया और आप खदान खुल वाने की बजाय इसईसीएल का पाइप और टोटी तुड़वाने में लग गए। रेलवे लाइन को आपकी सरकार ने यह कहकर रोक दिया कि चिरमिरी में इसकी आवश्यकता नहीं है, स्वर्गीय दीपक पटेल का अमृत जल मिशन योजना को आगे बढ़ाते हुए घर घर नल पहुंचाने की दिशा में हम काम कर रहे है। डाक्टर साहब आपने तो तब और भी हद कर दी थी जब चिरमिरी के पदयात्री जिला मुख्यालय की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के पास पहुंचे थे तो अपने पानी की समस्या बताकर 10 करोड़ रुपए ले लिए और वो पैसा भी कहा गया आज तक पता नहीं चला।

## कुछ जेल में है,कुछ आपके दोस्त बेल में है: मंत्री श्याम

कांग्रेस कार्यकाल का भ्रष्टाचार अब फूट रहा है कुछ जेल में है,कुछ आपके दोस्त बेल में है और कुछ जेल जाने वाले है। ये हमारी भाजपा की सरकार कर रही है। सड़क की बात करे तो चिरमिरी साजा पहाड़ सड़क हमारे सरकार की देन है हमने अपने कार्यकाल में कच्ची से पक्की सड़क बनवाई, फिर सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू हुआ तो 07 किमी बनने के बाद हमारी सरकार चली गई। 05 साल आप विधायक रहे लेकिन सड़क अहिल्या की तरह इंतजार करती रह गई पर अपने एक ईट तक नहीं रखा फिर हमारी सरकार आई, विधायक बना और 41 करोड़ रुपए से चौड़ीकरण का काम शुरू हुआ। एक बड़ी संजीवनी वाली योजना अगर ईश्वर चाहेंगे तो 1000 करोड़ की योजना चिरमिरी में चालू होगी और यह योजना चिरमिरी की तस्वीर बदल कर रख देगी। यह योजना सूर्य ऊर्जा से बिजली उत्पादन की होगी। हम कोई चुनावी बात नहीं करते है, हमने जिला अस्पताल चालू करवा दिया, शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा काम हुआ है। आपने विकास नहीं सिर्फ विनाश किया है और अब फिर से कुर्सी में बैठकर बचा खुचा विनाश करने की सोच रहे है तो चिरमिरी की जनता इतनी भी भोली नहीं है कि इस बार भी, आपके नौटंकी का हिस्सा बन जाएगी। आमसभा के बाद बड़ा बाजार कुरासिया मैदान से हजारों की भीड़ के साथ नामांकन रैली की शुरुआत हुई। लगभग 05 किमी नामांकन यात्रा तय कर चिरमिरी नगर पालिक निगम पहुंची जहां 40 वार्ड के भाजपा प्रत्याशियों के साथ महापौर प्रत्याशी राम नरेश सिंह राय ने अपना नामांकन दाखिल किया।

## कांग्रेस से नाराज नेता ने दिया भाजपा को जीत का समर्थन,खिंचाई भाजपाइयों के साथ फोटो

नगर निगम चिरमिरी में नामांकन दाखिल करने आए कांग्रेस के पदाधिकारी बबीता सिंह, बलदेव दास, ओम प्रकाश गुप्ता, प्रेम शंकर सोनी एक साथ आए और जीत की बधाई के साथ समर्थन देते हुए फोटो खिंचवाया।

# सिविल लाईन थाना रामपुर की 04 एवं दर्री क्षेत्र की 01 चोरियों का पुलिस ने किया खुलासा,09 आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,28 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी (भा.पु.से.) के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चैहान, नितिश ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रभारी यातायात एवं सायबर सेल रवीन्द्र कुमार मीना (भा.पु.से) नगर पुलिस अधीक्षक दर्री विमल पाठक एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के नेतृत्व मे थाना सिविल लाईन एवं दर्री को चोरी के प्रकरणों में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे । जिस पर सायबर सेल की टीम एवं थाना/चौकी प्रभारी के द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुए दिनांक 21-22 जनवरी की दरम्यानी रात को आर.टी.ओ. आफिस के सामने फोटोकापी दुकान का ताला तोड़कर 01 नग एच.पी कंपनी का लेपटॉप, एचटीपीएस कालोनी दर्री क्वा. नंबर डी-129 से एक लेपटॉप, सोने की अंगुठी चोरी दिनांक 24-25 की रात ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल कोसाबाड़ी स्थित एमआईजी 42 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस-1 उसके घर से दो बड़े चांदी के गिलास, दो चांदी के कटोरी एवं कुछ चांदी के सिक्के तथा चांदी के पायल एवं साथ में एक सेट टाईटन की नई घड़ी (पेयर वाली), ईडब्लूएस 56 एवं 57 एम0पी0नगर कोरबा से हीरो मेस्ट्रो क्रमांक ब्ळ.12 3983 एवं सीएसईबी कॉलोनी एस.एफ 1036 से 4000/- रूपये एवं की पेड मोबाइल चोरी की शिकायत थाना सिविल लाईन रामपुर मे प्राप्त होने पर थाना सिविल लाईन मे अपराध क्रमांक 53/25 धारा 331(4)304 बीएनएस, अपराध क्रमांक 55/25 धारा 334(1) बीएनएस, अपराध क्रमांक 56/2025



धारा 303(2) बीएनएस, अपराध क्र 57/2025 धारा 331(4)304 बीएनएस एवं थाना दर्री के अपराध क्रमांक 17/2025 धारा 305, 331(4) बीएनएस पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई। जिस पर सायबर सेल, सिविल लाईन थाना रामपुर एवं थाना दर्री पुलिस के द्वारा अपने मातहतों के साथ सूचना संकलन कर पतासाजी की जा रही थी विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा संदेही आरोपी दिलेश आदिले उर्फ छोटे कोतरा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसमें उसके द्वारा गोल-मोल जवाब दिया जा रहा था। पुलिस के द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उसनें अपना जुर्म स्वीकार किया और उसके कब्जे से चोरी किये गये लैपटॉप को बरामद कराया। पुलिस के द्वारा आरोपी दिलेश आदिले उर्फ छोटे कोतरा पिता वेदराम आदिले उम्र 26 साल साकिन अटल आवास खरमोरा थाना सिविल लाईन रामपुर को गिफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया। इसी क्रम में पुलिस के द्वारा थाना दर्री एवं सिविल लाईन रामपुर में हुये चोरी की पतासाजी कर रही थी। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि विजय तिवारी पिता राजेश तिवारी उम्र 19 साल साकिन पूछापारा कटघोरा थाना कटघोरा को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म स्वीकार किया और उसने बताया की दर्री क्षेत्र सहित निहारिका कोरबा के आस पास हम लोग चोरी किये हैं, जिसमे जीशान खान, विनय मुण्डा, राजा महंत, शेख असलम एवं बॉबी अंसारी उर्फ शेरू ने मिलकर इन सभी जगहो पर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सायबर सेल एवं सिविल लाईन रामपुर पुलिस के टीम द्वारा सभी आरोपियों को तलब कर हिरासत मे लिया गया एवं कड़ाई से पूछताछ करने पर सभी ने घटना कारित करना स्वीकार किया। उनके द्वारा बताया गया की एचटीपीएस कालोनी दर्री क्वा. नंबर डी-129 के साथ-साथ कोरबा मे ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल कोसाबाड़ी स्थित एमआईजी 42 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस-1, ईडब्लूएस 56 एवं 57 एम0पी0नगर कोरबा एवं सीएसईबी कॉलोनी एस.एफ 1036 कोरबा मे चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया आरोपियों द्वारा चोरी किए वैक्यूम क्लीनर को ताज हुसैन उर्फ टाईगर निवासी सूभाष ब्लॉक को देना बताया, जिस पर उसे तलब कर उसके हिरासत मे रखे बैक्यूम क्लीनर को बरामद किया गया एवं आरोपियों द्वारा चोरी किए वाहनों को चकचकवा निवासी प्रदीप कुमार भारिया थाना कटघोरा को देना बताया जिस पर पुलिस द्वारा प्रदीप कुमार भारिया को तलब कर पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान प्रदीप कुमार भारिया के द्वारा बताया गया की आरोपियों द्वार 01 मोटर सायकल एवं 01 स्कुटी देना स्वीकार किया। उसके कब्जे से मोटर सायकल को बरामद किया गया। पुलिस के द्वारा आरोपी के गैरेज को चेक करने पर कुल 05 मोटर सायकल बरामद कर थाना कटघोरा मे 106 बीएनएसएस मे जप्त कर विधिवत् कार्यवाही की जा रही है। दर्री घटनाक्रम मे आरोपियों द्वारा हीरो स्प्लेण्डर मोटर सायकल मे विजय तिवारी एवं राजा महंत आये साथ ही साथ एक अन्य हीरों स्प्लेण्डर मोटर सायकल मे बॉबी उर्फ शेरू अंसारी, जिशांन खान, विनय मुण्डा आये एवं शेख असलम अपने बजॉज पल्सर 125 सीसी मे आकर घटना को अंजाम दिया। आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त वाहन एवं लोहे का औजार, 02 नग लेपटॉप, चॉदी का गिलास, पायल, सिक्का, चाबी छल्ला एवं 02 टाईटन कंमनी का हाथ घड़ी को जप्त किया गया। निम्न आरोपी 01दिलेश आदिले उर्फ छोटे कोतरा पिता वेदराम आदिले उम्र 26 साल साकिन अटल आवास खरमोरा थाना सिविल लाईन रामपुर (आरटी.ओ.कार्यालय के सामने की चोरी) 02.जीशान पिता अज्जु खान 20 वर्ष साकिन मेला ग्राउण्ड कटघोरा थाना कटघोरा जिला कोरबा 03. विनय मुण्डा पिता हेमन मुण्डा उम्र 18 वर्ष साकिन जेलगांव रोड मोहल्ला थाना दर्री जिला कोरबा। 04. विजय तिवारी पिता राकेश तिवारी उम्र 19 वर्ष साकिन पुछापारा कटघोरा थाना कटघोरा जिला कोरबा। 05. राजा महंत पिता प्रेम महंत 26 वर्ष साकिन पुछापारा पप्पु दुकान के पास कटघोरा जिला कोरबा। 06. शेख असलम पिता शेख मुख्तार उम्र 26 वर्ष साकिन संजय नगर स्टेशन रोड थाना कोतवाली जिला कोरबा। 07.राजा बॉबी उर्फ शेरू अंसारी पिता आजाद अंसारी उम्र 24 वर्ष साकिन रामपुर बस्ती कटघोरा थाना कटघोरा जिला कोरबा। 08.प्रदीप कुमार भारिया पिता समार साय भारिया उम्र 24 वर्ष साकिन चकचकवा कटघोरा थाना कटघोरा जिला कोरबा। 09. ताज हुसैन उर्फ टाईगर पिता साहिद हुसैन उम्र 24 वर्ष साकिन सुभाष ब्लॉक चैकी मानिकपुर थाना कोतवाली जिला कोरबा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जा रहा है । इस चोर गिरोह से सिविल लाईन थाना रामपुर क्षेत्र की 04 एवं दर्री क्षेत्र की 01कुल 05 चोरियों का खुलासा हुआ है, जबकि 02 आरोपी चन्दन उर्फ विरू गुप्ता पिता शिवजी गुप्ता 20 साल अटल आवास खरमोरा एवं शेख असलम कटघोरा फरार हैं,जिनकी पता तलाश की जा रही है मिलने पर कुछ अन्य चोरियों का भी खुलासा होने की संभावना है ।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्री मति सरिता टोप्पो पति स्वर्गीय हनूक दास वार्ड क्रमांक 1 भगवानपुर (आदिवासीपारा) अंबिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) कि निवासी हूँ। मेरी पुत्री का नाम शारोन दास है। आधार कार्ड में नाम दास शारोन अंकित हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है, अतः सभी शासकीय और अशासकीय कार्य में इसे सुधारकर शारोन दास पढ़ा जावे ।

शपथकर्ता
श्रीमति सरिता टोप्पो
वार्ड क्रमांक 1 भगवानपुर (आदिवासीपारा)
अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)


# सोनहत विकासखंड में जिला पंचायत सदस्य के चुनाव की सरगर्मी बढ़ी



-संवाददाता-
सोनहत,28 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।
जिला पंचायत चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई है एक ओर जहां सोनहत से भाजपा ने शिवकुमारी सोंपाकर को चुनाव मैदान में सीट क्रमांक 7 सोनहत कटगोड़ी से उतार दिया है वही, कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नही खोले हैं, सूत्रों की माने तो कांग्रेस से भी 2 चेहरे दावेदारी कर रहे हैं, जिसमे पूनम सोंपाकर और जयवती चेरवा हैं, सूत्रों की माने तो नेताप्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने पूनम सोंपाकर को अपना आशीर्वाद दे दिया है, पूनम सोंपाकर के पति जयचंद सोंपाकर क्षेत्र में अधिवक्ता है जिसके कारण उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है, वही जय वती को भी कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सपोर्ट है, जयचंद सोंपाकर निर्दलीय प्रत्यासी के रूप में लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके है जिसमें उन्हे लगभग 8 हजार वोट मिले थे, जिसके बाद से क्षेत्र में उनकी छवि अच्छी है।

### पंडो समाज ने किया समर्थन का एलान

पंडो समाज ने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष को पत्र लिख पूनम सोंपाकर को समर्थन का ऐलान किया है, वही रविदास समाज ने भी पूनम सोंपाकर के समर्थन की बात कही है, उक्त दोनों समाजों की ठीक ठाक संख्या क्षेत्र में है ऐसी स्थिति में पूनम सोंपाकर की स्थिति मजबूत मानी जा रही है, लेकिन यहां यह ध्यान देने वाली बात है कि कांग्रेस की सत्ता वर्तमान में नही है और उसका मुकाबला सत्तुता धारी दल के प्रत्यासी से है, और भाजपा के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष भी पूरी ताकत चुनाव में झोंकेंगे जिससे यह चुनाव दिलचस्प हो जाएगा, वही दूसरी सीट पर कांग्रेस के सुरेश सिंह व भाजपा के रामप्रताप मरावी के बीच सीधा मुकाबला है, सुरेश सिंह कांग्रेस के वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष है और रामप्रताप मरावी पूर्व जनपद अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान जनपद सदस्य भी हैं जिससे दोनों में कड़ा मुकाबला होगा, इसी बीच गोंडवाना गड़तंत्र पार्टी ने भी ताल ठोका हुआ है और उसके अपने परम्परागत वोट है जो भाजपा कांग्रेस की संकट में डाल सकते हैं

### जनपद सदस्य हेतु प्रचार का दौर शुरू

जनपद सदस्य हेतु भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की सूची पहले जारी कर दी है जिससे भाजपा के प्रत्यासी अपने प्रचार में घूमना शुरू कर दिए हैं ,वही कांग्रेस की भी सूची तैयार है लेकिन जारी नही हुई है सूत्रों की माने तो प्रत्यासियो को इशारा कर दिया गया है, और प्रत्यासी अपने काम मे जुट गए हैं, इस बार सामाजिक समीकरण हावी नजर आ रहा है, जिस समाज की जहां संख्या ज्यादा है पार्टियों ने उसी समाज से प्रत्यासी उतारने का प्रयास किया है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

// ईश्तहार//

रा0प्र0क्रं0-/.अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक छोटेलाल आ0लोटाई पाल जाति गडेरिया निवासी मोतीपुर तहसील दरिमा जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मोतीपुर तहसील दरिमा जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 432, रकबा 0.049 हे0 भूमि को कृषि भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा पंचायत प्रस्ताव, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है,जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 03/02/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 23/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी(रा)
अम्बिकापुर

# पटना नगर पंचायत चुनाव में वोटो का ध्रुवीकरण होना तय,कांग्रेस मुस्लिम मतदाताओं को लेकर आश्वस्त वहीं भाजपा को सभी से समर्थन की उम्मीद

**कांग्रेस यदि मुस्लिम मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने में सफल हुई तो क्या भाजपा को होगा नुकसान,या अन्य मतदाताओं का होगा भाजपा की तरफ झुकाव?**

**मुस्लिम मतदाताओं का रुख ही तय करेगा चुनाव परिणाम ऐसा भी नहीं है उनका समीकरण**

**कई अन्य जातियों की स्थिति भी निर्णायक,जो तय करेंगे कौन होगा नगर अध्यक्ष**

## कांग्रेस की रैली दिखी कमजोर भाजपा ने किया शक्ति प्रदर्शन

### पटना नगर पंचायत अध्यक्ष की भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह के नामांकन रैली में उमड़ा जन सैलाब

### हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता,क्षेत्रीय आमजन व समर्थक हुए शामिल,सामूहिक कराया नामांकन

**नामांकन जमा करने के अंतिम दिवस दोनों प्रमुख दलों भाजपा कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों के साथ किया नामांकन दाखिल**

**नामांकन दाखिल करने से पहले भाजपा प्रत्याशियों के साथ नेता पहुंचे हनुमान मंदिर लिया हनुमान जी का आशीर्वाद**

**कांग्रेस नेताओं के साथ प्रत्याशी पहुंचे नगर पंचायत कार्यालय किया नामांकन दाखिल**



### भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह सहित 15 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के नामांकन किया दाखिल

नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के जोरदार आगाज के साथ कोरिया जिले के पटना नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह सहित सभी 15 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल किए गए। पटना कटकोना मार्ग स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर एक किलोमीटर की भव्य रैली निकालकर पटना के आमजनों से रूबरू होते प्रत्याशी गायत्री सिंह व सभी पार्षद प्रत्याशी पटना नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और सभी ने नामांकन दाखिल कराया। अवगत करा दें की आज 28 जनवरी को कोरिया जिले के नव निर्मित पटना नगर पंचायत के अनारक्षित महिला अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से प्रत्याशी बनाई गई श्री मति गायत्री सिंह और 15 भाजपा समर्थित वार्ड पार्षद प्रत्याशियों का नामांकन पटना नगर पंचायत कार्यालय में दाखिल कराया गया। जिनमें मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए गायत्री सिंह व वार्ड 01 से शंकर प्रसाद सोनी 02 अहिवरन सिंह 03 श्रीमती निर्मला पोया 04 राकेशसिंह 05 गीता पोया 06 रविशंकर शर्मा 07 प्रमिला सिंह 08 परसराम साहू 09 सतेंद्र सोनी 10 ज्योति देवांगन 11 तरुण जैसवाल 12 रेखा वर्मा 13 सुनील यादव 14 पूनम वर्मा 15 नंबर वार्ड से ओम प्रकाश सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया।

-संवाददाता-
बैकुंठपुर/पटना,28 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।
नवगठित पटना नगर पंचायत में प्रत्याशियों ने नामांकन के अंतिम दिवस नामांकन किया, नामांकन के अंतिम दिवस सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। प्रमुख राजनीतिक दलों जिसमें भाजपा कांग्रेस ने अपने अपने घोषित प्रत्याशियों के साथ नामांकन दाखिल किया। भाजपा ने जहां सबसे पहले प्रत्याशियों के साथ हनुमान मंदिर पहुंचकर हनुमान जी का आशीर्वाद लिया वहीं उसके बाद रैली की शक्ल में नगर भ्रमण करते हुए प्रत्याशियों के साथ नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर प्रत्याशियों का नामांकन कराया,भाजपा की रैली में जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहर लाल गुप्ता, कृष्ण बिहारी जायसवाल, चुनाव प्रभारी पंकज गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ भाजपाई एवम कार्यकर्ता प्रत्याशियों के साथ उपस्थित रहे। प्रत्याशियों के नामांकन उपरांत भाजपा की आमसभा भी संपन्न हुई। भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन के बाद कांग्रेस प्रत्याशियों का नामांकन संपन्न हुआ जो रैली की शक्ल नहीं ले सका और अंत में सीधे नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर प्रत्याशियों का नामांकन बड़े नेताओं की उपस्थिति में दाखिल कराया गया।कांग्रेस प्रत्याशियों की नामांकन रैली में जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष यवत कुमार सिंह,सहित अन्य पदाधिकारी एवं प्रत्याशी मौजूद रहे। बता दें कि कांग्रेस प्रत्याशियों की रैली में एकजुटता की कमी देखी गई वहीं कई नेता गायब रहे।कहा जाए तो जहां भाजपा की एकजुटता प्रत्यक्ष नजर आई उसी तरह कांग्रेस का बिखराव भी सामने नजर आया,वैसे कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की रैली को पेड रैली मानकर अपनी कमजोरी छिपा ली।




### वोटों का ध्रुवीकरण भी होना है तय,मुस्लिम मतदाताओं को लेकर कांग्रेस आश्वस्त

पटना नगर पंचायत का गठन ग्राम पंचायत के उन्नयन से हुआ है यही कहना उचित होगा और यह भी कहना गलत नहीं होगा कि पहले पटना ग्राम पंचायत के चुनाव में मुस्लिम मतदाताओं का भी एकतरफा समर्थन किसी को नहीं मिलता था क्योंकि चुनाव में तब दलीय मामला नहीं होता था। इस बार चुनाव दलीय होगा और दलीय चुनाव के नाते वोटो का ध्रुवीकरण भी होगा। मुस्लिम मतदाता ही ध्रुवीकरण में पहला टारगेट होगा जिसे लेकर कांग्रेस आश्वस्त है और वह निश्चिंत है कि मुस्लिम मतदाताओं का उनके ही प्रत्याशियों को समर्थन मिलेगा। अब यह आंकलन कांग्रेस का कितना सही साबित होता है यह भी देखने वाली बात होगी। वैसे भाजपा भी मुस्लिम मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने में प्रयासरत होगी यह भी अंदेशा नजर आ रहा है।

### भाजपा को सभी से समर्थन की उम्मीद

भाजपा की बात करें तो उन्हें सभी से समर्थन की उम्मीद है।। भाजपा नेताओं के अनुसार उन्हें इस चुनाव में विकास को मुद्दा बनाना है उन्हें किसी को उजाड़ना या किसी के लिए कोई गड्ढा खोदने जैसा कोई प्रयास नहीं करना है। भाजपा इसीलिए सभी से समर्थन की उम्मीद कर रही है भाजपा को सभी का बराबर समर्थन चाहिए यह उनका प्रयास होगा यह उनका कहना है। वैसे भाजपा के लिए मुस्लिम मतदाता कठिनाई वाला मसला हो सकते हैं लेकिन भाजपा का कहना है कि हम डबल इंजन वाली नगर सरकार देंगे और विकास हम ज्यादा करेंगे इसलिए नगरवासी हमारे प्रत्याशियों को समर्थन देंगे यह हमारा विश्वास है।

### अनवरत् विकास को पटना से सीधे तौर पर जोड़ना है...

तत्पश्चात नगर पंचायत पटना से भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलाने की अपील किए। संबोधन की कड़ी में भाजपा से पटना नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह ने कहा की पटना क्षेत्र के विकास और उन्नति के लिए सभी पटना वासियों को एकजुट, एकमत और समर्पित भाव से चुनाव को सफल बनाना है और भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सहित प्रदेश सरकार द्वारा किए जा अनवरत विकास को पटना से सीधे तौर पर जोड़ना है।



### निर्दलीय प्रत्याशियों का भी रुख होगा निर्णायक,निर्दलीय नामांकन करने वाले डटे रहने वाले हैं या सौदा करके मैदान छोड़कर भाग जाने वाले हैं यह देखने वाली बात होगी

निर्दलीय भी अध्यक्ष सहित पार्षद के लिए नामांकन हुए हैं। अब निर्दलीय नामांकन वाले डटे रहते हैं या वह सौदा करने नामांकन दाखिल किए हैं यह देखने वाली बात होगी। वैसे कुछ लोग सौदा करेंगे और पार्टी हित बताकर पार्टी में लौट जाएंगे नाम वापस लेकर यह पार्टी के लोगों का ही कहना है। वैसे कुछ लोगों का यह भी कहना है कि कई निर्दलीय प्रत्याशी केवल कुछ सौदा कर चुनाव से नाम वापस लेने के लिए ही नामांकन दाखिल किए हैं। वैसे निर्दलीय यदि डटे रह गए निश्चित ही मामला कुछ के लिए बिगड़ जाएगा।

### कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों का नाम अंतिम दिन भी नहीं कर पाई घोषित,चोरी चुपके बी फार्म के साथ हुआ नामांकन दर्ज-सूत्र

पटना नगर पंचायत चुनाव मामले में कांग्रेस की सबसे बड़ी संगठनात्मक विफलता इस बात से सामने आई कि वह अंतिम दिवस भी अपने पार्षद प्रत्याशियों का नाम सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं कर पाई। सूत्रों की माने तो कांग्रेस ने बी फार्म चोरी चुपके प्रत्याशियों को दिया और नामांकन कराया,वैसे कांग्रेस में विद्रोह की स्थिति है और जो नजर आ रहा है। अब अध्यक्ष की तर्ज पर पार्षद प्रत्याशियों का भी नाम कांग्रेस क्यों उजागर नहीं कर रही है यह विचारणीय है। अब कांग्रेस से बागी हुए लोग यदि कांग्रेस में लौटते भी हैं तो क्या लाभ होगा कांग्रेस को यह लगता नहीं है।

### सौभाग्य है की पटना नगर वासियों के नगर पंचायत की मांग को भाजपा सरकार ने पूरा किया

नामांकन रैली पश्चात पटना दुर्गा पंडाल में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा की हम सभी लोगों का सौभाग्य है की पटना नगर वासियों के नगर पंचायत की मांग को भाजपा सरकार ने पूरा किया। और अब भाजपा के कार्यकर्ता सभी पटना वासियों के आशीर्वाद से इस नगर पंचायत को भाजपा का नेतृत्व प्रदान करके आने वाले समय में केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की विष्णुदेव सरकार के नेतृत्व में विकास पथ पर बहुत आगे ले जाने का कार्य करेंगे । यह चुनाव पटना को विकास के मार्ग पर आगे तक लेकर जाने वाला है। श्री तिवारी ने कहा की नव निर्मित नगर पंचायत पटना में पहली बार राजनैतिक दल की सरकार बनने जा रही है। अभी बहुत लोग गुमराह करने वाले आयेंगे। कई तरह की बातें भी होंगी। परंतु ये गौर करने वाली बात है की जिस तरह ग्राम पंचायत की निर्विवाद सरपंच के रूप में गायत्री सिंह ने आप लोगों के साथ मिलकर इस क्षेत्र का विकास किया है और अब जब यह पटना क्षेत्र नगर पंचायत का स्वरूप धारण कर रहा है तो ये बात निर्विवाद रूप से सिद्ध है की सुलझी हुई अनुभवी और कृतज्ञ हाथों में इस नगर पंचायत का नेतृत्व जरूरी है। श्री तिवारी ने कहा गायत्री सिंह आप सभी पटना वासियों बहुत करीब से समझती हैं। निर्णय लेने में सक्षम होने के साथ यह भलीभांति जानती हैं की गांव का विकास शहर के रूप में और शहर का विकास नगर के रूप में कैसे करना है और इस पटना क्षेत्र को विकास की अग्रणी पंक्ति में रखना है। संबोधन में उन्होंने कहा की आप सभी पटना वासियों के आशीर्वाद से बहन गायत्री सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने पटना नगर पंचायत का अध्यक्ष प्रत्याशी बनाया है जिन्हें आप लोगों को पूरे मन से समर्थन देना है और पटना नगर पंचायत को भाजपा की विकास की नीतियों से जोड़कर अविश्वसनीय विकास की पहल को सार्थक बनाना है।



### नामांकन रैली में कांग्रेस की विफलता की चर्चा आम रही पटना में

नामांकन रैली में कांग्रेस विफल हुई कोई ठोस रणनीति कांग्रेस बनाए बिना नामांकन के लिए दौड़ी पटना नगर पंचायत मामले में यह नगर में चर्चा का विषय रहा। वैसे गायत्री सिंह को लेकर एक बात आम जनमानस के बीच सुनी गई कि वह रबर स्टाम्प नहीं बनेगी न वह द्वेष की राजनीति करेंगी यह तय है।

### नामांकन रैली व आमसभा में ये रहे उपस्थित

नामांकन रैली व आमसभा में मुख्य रूप से त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी कृष्णबिहारी जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, नगर पंचयात चुनाव प्रभारी पंकज गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहरलाल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रविशंकर शर्मा, लक्ष्मण राजवाड़े, जिला महामंत्री विनोद साहू, नपाध्यक्ष अरुण जायसवाल, नपा उपाध्याय राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, कपिल जायसवाल, अनिल खटीक, दीपा विश्वकर्मा, रितेश सिंह, अनिरुद्ध ठाकुर, शंकर सोनी, भरवर लाल कुर्रे, विष्णु साहू, गणेश यादव, रूपचंद गुप्ता, दिनेश चक्रधारी, सोना लाल राजवाड़े, रामशंकर साहू, सभी पार्षद प्रत्याशी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## बांग्लादेश ने विंडीज पर 10 विकेट की जीत के साथ अपना अभियान समाप्त किया




**क्वालालंपुर,28 जनवरी 2025।** बांग्लादेश ने मंगलवार को ब्यूमास ओवल में वेस्टइंडीज पर 10 विकेट से आसान जीत के साथ आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप 2025 से अपना सफर समाप्त कर लिया है।बारिश के कारण मैच की शुरुआत में देरी हुई और मुकाबला 13-13 ओवर का हो गया, तथा मजबूत गेंदबाजी प्रदर्शन के कारण बांग्लादेश को जीत के लिए केवल 55 रन बनाने पड़े। निशिता अख्तर निशी और अनीसा अख्तर सोबा दोनों ने गेंदबाजी से प्रभावित किया, उन्होंने लगातार पांच विकेट लेकर वेस्टइंडीज की गति को बाधित किया।और सलामी बल्लेबाज फहोमिडा चोया और जुएरिया फिरदौस ने रन चेज में कोई गलती नहीं की, उन्होंने नौ ओवर से कम समय में आवश्यक स्कोर हासिल कर टूर्नामेंट में अपनी टीम की तीसरी जीत सुनिश्चित की।

# टीम इंडिया ने स्कॉटलैंड को हराया

» **यू 19 वूमेन्स टी 20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का अजेय अभियान जारी**

» **सेमीफाइनल में हो सकती इन 2 में किसी एक से भिड़ंत**

**क्वालालंपुर,28 जनवरी 2025।** भारतीय महिला 19 टीम कप्तान निकी प्रसाद के नेतृत्व में मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर में खेले जा रहे आईसीसी महिला अंडर 19 टी20 वर्ल्ड कप 2025 में अपने अजेय अभियान को जारी रखे हुए है। टीम इंडिया ने सुपर सिक्स स्टेज का अपना आखिरी मुकाबला 28 जनवरी को स्कॉटलैंड महिला अंडर 19 टीम के खिलाफ खेला जिसमें उन्होंने 150 रनों की बड़ी जीत हासिल की। इस मैच में टीम की ओपनिंग बल्लेबाज गोंगाडी तृषा के बल्ले से नाबाद 110 रनों की शतकीय पारी देखने को मिली, जिसके दम पर टीम इंडिया 20 ओवर्स में 208 रनों के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही तो वहीं इसके जवाब में स्कॉटलैंड की टीम सिर्फ 58 रन बनाकर सिमट गई।

### गोंगाडी तृषा ने बल्ले से तो आयुषी शुक्ला ने गेंद से दिखाया कमाल

स्कॉटलैंड महिला अंडर 19 टीम के गेंदबाजों के बेहद



खराब प्रदर्शन के बाद बल्लेबाज भी बिल्कुल भी कमाल नहीं दिखा सकी। टीम इंडिया के खिलाफ 209 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए उनकी शुरुआत ही बेहद खराब देखने को मिली जिसमें उन्होंने 42 के स्कोर तक अपनी आधी टीम को गंवा दिया था। इसके बाद उनके लिए मुकाबले में वापसी करना बेहद ही मुश्किल हो गया था। भारतीय महिला अंडर 19 टीम की तरफ से गेंदबाजी में आयुषी शुक्ला का कमाल देखने को मिला, जिन्होंने 3 ओवर्स की गेंदबाजी में सिर्फ 8 रन देने के साथ कुल 4 विकेट अपने नाम किए। वहीं इसके अलावा वैष्णवी शर्मा और गोंगाडी तृषा ने भी 3-3 विकेट अपने नाम किए।

### सेमीफाइनल में हो सकती इंग्लैंड या साउथ अफ्रीका की टीम से भिड़ंत

आईसीसी अंडर 19 टी20 वर्ल्ड कप 2025 में भारतीय टीम को अपना सेमीफाइनल मुकाबला 31 जनवरी को खेलना है, जिसमें उसकी इंग्लैंड या फिर साउथ अफ्रीकी अंडर 19 टीम से भिड़ंत हो सकती है। अभी टीम इंडिया के ग्रुप में शामिल ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम को अपना एक मुकाबला खेलना है जिसमें रनरेट के आधार पर उनके पास पहले नंबर की पोजीशन में पहुंचने का मौका है ऐसे में भारतीय टीम का मुकाबले किससे होगा ये 29 जनवरी को तय हो जाएगा।

# मुंबई की टीम के स्क्वायॅड का हुआ ऐलान

» **रोहित-जायसवाल बाहर,**

» **16 प्लेयर्स को मिली जगह**

**मुंबई,28 जनवरी 2025।** रणजी ट्रॉफी में मेघालय के खिलाफ होने वाले करो या मरो के मैच के लिए मुंबई की टीम के स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। इसमें कप्तानी की जिम्मेदारी अजिंक्य रहाणे को मिली है। खास बात ये है पिछले मैच में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ खेले रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल को स्क्वाड में जगह नहीं मिली है। मुंबई की टीम को मेघालय के खिलाफ मुकाबला 30 जनवरी से खेलना है। इससे पहले मुंबई को जम्मू और कश्मीर के खिलाफ पांच विकेट से हार मिली थी।

### अंगकृष रघुवंशी की हुई वापसी

मुंबई की टीम में अंगकृष रघुवंशी, सूर्यांश शेडगे और अथर्व अंकोलकर की टीम में वापसी हुई है। स्क्वाड में कुल 16 प्लेयर्स को जगह मिली है। रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर इंग्लैंड के खिलाफ 6 फरवरी से होने वाली वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। ये तीनों खिलाड़ी यहां बीकेसी मैदान पर छठे दौर के मैच में खेले थे।



रोहित और जायसवाल ने घरेलू क्रिकेट में नियमित रूप से खेलने के बीसीसीआई के निर्देश का पालन किया। दूसरी ओर अय्यर इस साल सभी फॉर्मेट के घरेलू टूर्नामेंट्स में मुंबई की टीम का अहम हिस्सा रहे। रोहित, जायसवाल और अय्यर अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का भी हिस्सा हैं।

### कर्श कोठारी को नहीं मिला टीम में मौका

जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मुंबई की प्लेइंग इलेवन में शामिल रहे कर्श कोठारी को टीम में नहीं चुना गया है। जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मिली हार से मुंबई को तगड़ा झटका लगा है। अब अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली टीम को मेघालय के खिलाफ बोनस अंक के साथ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी और उम्मीद करनी होगी कि बड़ौदा टॉप पर चल रहे जम्मू-कश्मीर को उनके मैदान पर हरा दे। इसके बाद ही वह अगले राउंड के लिए क्वालीफाई कर पाएगी।

### मुंबई की टीम

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, अमोघ भटकल, सिद्धेश लाड, आकाश आनंद, हार्दिक तमोरे, सूर्यांश शेडगे, शार्दुल ठाकुर, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डिसूजा, रॉयस्टन डायस, श्रेयस गुरव और अथर्व अंकोलकर।

# इस खिलाड़ी को आउट करना अंग्रेजों के लिए टेढ़ी खीर



### फिर से दिखेगा जलवा

**नई दिल्ली,28 जनवरी 2025।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के लिए भारत दौरा अभी तक काफी कठिन साबित हुआ है। हालांकि अभी तो इस लंबी सीरीज का शुरुआती दौर ही है, लेकिन इंग्लैंड को समझ नहीं आ रहा है जीत के लिए आखिर वे करें क्या। पहले दोनों मैच हाथ से चले गए हैं और अगर तीसरा मैच भी हारे तो कम से कम टी20 सीरीज तो चली ही जाएगी। इस बीच वैसे तो पूरी टीम इंडिया इंग्लैंड के लिए मुसीबत बनी हुई है, लेकिन एक खिलाड़ी ऐसा भी है, जिसे इंग्लैंड की टीम अभी तक आउट नहीं कर पाई है। लगभग हर मैच में उसके बल्ले से रन बन रहे हैं, लेकिन उसकी काट अंग्रेजों के पास नहीं है।

### तिलक वर्मा कर रहे हैं शानदार प्रदर्शन

तिलक वर्मा दोनों टी20 मैचों में बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन एक भी बार आउट नहीं हुए। वे अपनी टीम को जीत दिलाने के बाद ही मैदान से बाहर गए और वो भी नाबाद। पहले मैच में तिलक वर्मा नंबर चार पर बल्लेबाजी के लिए आए और 16 बॉल पर 19 रनों की नाबाद पारी खेल गए। उन्होंने इस दौरान तीन चौके लगाए। भारतीय टीम ने इस मैच को सात विकेट से अपने नाम करने में सफलता हासिल की थी।

### दूसरे मैच में की थी तिलक ने शानदार बल्लेबाजी

इसके बाद दूसरे टी20 मैच की बात की जाए तो इस बार तिलक वर्मा को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी का मौका दिया गया। इस बार उन्होंने शानदार अंदाज में 55 बॉल पर 72 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 4 चौके और 5 आसमानी छक्के जड़े। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 130 से भी ज्यादा का रहा। पहला मैच तो आसानी से जीत लिया गया था, लेकिन दूसरा मैच आखिरी के कुछ ओवर्स में फंसा हुआ था। वहां तिलक वर्मा को रवि बिश्नोई का साथ मिला और वे भारतीय टीम को जीत दिलाने में कामयाब हो गए। अब तीसरे मुकाबले में सभी की नजरें उन पर जरूर रहेंगी।

### पिछली चार टी 20 इंटरनेशनल पारियों से आउट नहीं हुए हैं तिलक वर्मा

ऐसा नहीं है कि तिलक वर्मा केवल इसी सीरीज के दो मैचों से नाबाद हैं। जब टीम इंडिया साउथ अफ्रीका के दौरे पर गई थी, तब भी आखिरी के दो मैचों में उन्होंने जबरदस्त बल्लेबाजी की थी और आउट भी नहीं हुए थे। तिलक वर्मा ने पिछलीी चार पारियों में बिना आउट हुए 318 रन बना दिए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 182 के करीब का है। औसत तो है ही नहीं, जब वे आउट होंगे, तब औसत की गणना की जाएगी। इस बीच इंग्लैंड सीरीज के बचे हुए तीन मैचों में वे कैसा खेल दिखाते हैं, ये काफी ज्यादा दिलचस्प होगा।




## न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया

**दुबई ,28 जनवरी 2025।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी का विजेता घोषित किया है।
कैलेंडर वर्ष के दौरान खेल के सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन करने वाली केर 2024 में व्हाइट फर्न्स को उनके पहले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए प्रेरित करने के बाद प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने वाली पहली न्यूजीलैंडर बन गई हैं।

# जसप्रीत बुमराह से भिड़ने वाले खिलाड़ी की होगी छुट्टी

» **ऑस्ट्रेलिया को मिली नई सलामी जोड़ी**

**सिडनी,28 जनवरी 2025।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पहले ही पक्की करने वाली ऑस्ट्रेलिया टीम अब श्रीलंका के दौरे पर है। यहां पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी, जो डब्ल्यूटीसी का हिस्सा होगी। हालांकि इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस नहीं है, इसलिए स्टीव स्मिथ को कमान दी गई है। इस बीच मैच से एक दिन पहले कप्तान स्टीव स्मिथ ने अपनी कुछ बातों से चौंका दिया है। टीम को पहले टेस्ट में नई सलामी जोड़ी मिलने जा रही है, यानी भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया सीरीज के दौरान जो खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह से भिड़ गया था, उसकी छुट्टी हो सकती है। हालांकि अभी प्लेइंग इलेवन का ऐलान नहीं किया गया है।

### श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया पहला टेस्ट 29 जनवरी से खेला जाएगा

श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 29 जनवरी को गॉल में खेला जाएगा। इसके लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी तैयारी में जुटी है। इस बीच स्टीव स्मिथ ने कहा है कि पहले मैच में



उस्मान ख्वाजा के साथ ट्रेविस हेड ओपनिंग के लिए मैदान में उतरेंगे। हालांकि इससे पहले जब टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर गई थी, तब उस्मान ख्वाजा के साथ नाथन मैकस्वीनी और सैम कोंस्टास ने बदल बदलकर ओपनिंग की थी, लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। यानी ओपनिंग में ना तो नाथन मैकस्वीनी दिखाई देंगे और ना ही सैम कोंस्टास ही नजर आएंगे। ऐसे में हो सकता है कि इसमें से किसी एक की प्लेइंग इलेवन से ही छुट्टी हो जाए। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया सीरीज यानी बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान सैम कोंस्टास भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से उलझ गए थे, इसके बाद उन्हें हर ओर से आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। अब चुंकि श्रीलंका में सीरीज है। भारत और श्रीलंका की पिचें करीब करीब एक ही जैसी रहती हैं, इसलिए ऑस्ट्रेलिया ने फिर से उसी फार्मूले पर जाने का फैसला किया है। कप्तान स्टीव स्मिथ ने ट्रेविस हेड की जमकर तारीफ भी की और कहा कि भारत के खिलाफ उन्होंने नई गेंद से काफी अच्छा खेल दिखाया था। इस बीच स्टीव स्मिथ से जब पहले टेस्ट की प्लेइंग इलेवन से बारे में पूछा गया तो उन्होंने इन्कार कर दिया। यानी टीम तभी बताई जाएगी, जब सुबह मुकाबला शुरू होने से पहले टॉस होगा।


### सैम कोंस्टास और नाथन मैकस्वीनी में से किसी एक को ही मिल सकेगा मौका

सैम कोंस्टास अभी तक प्लेइंग इलेवन से बाहर तो नहीं हुए हैं, लेकिन इतन तो तय है कि सैम कोंस्टास और नाथन मैकस्वीनी दोनों इस मैच में नजर नहीं आएंगे। ट्रेविस हेड के ओपनिंग के लिए आने से नंबर पांच का स्लॉट खाली होगा, देखना होगा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम यहां पर किसे खेलने के लिए भेजती है। सैम कोंस्टास को लेकर स्टीव स्मिथ ने कहा है कि अगर उन्हें श्रीलंका के खिलाफ खेलना है तो काफी अभ्यास करन होगा। वैसे तो इस सीरीज का बहुत ज्यादा कुछ मायने नहीं हैं, लेकिन इतना जरूर है कि श्रीलंका की स्पिन पिचों पर ऑस्ट्रेलियाई टीम कैसा खेलती है ये देखना जरूर दिलचस्प होगा।

# फिल्म मास जतारा का टीजर जारी

साउथ अभिनेता रवि तेजा के जन्मदिन के मौके पर उनकी आगामी फिल्म मास जतारा का दमदार टीजर जारी हो गया है, जिसमें अभिनेता पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। वे अपनी आगामी फिल्म मास जतारा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अब अभिनेता के जन्मदिन के खास मौके पर फिल्म के निर्माताओं ने मास जतारा का दमदार टीजर जारी किया है, जिसमें रवि तेजा की झलक भी देखने को मिली। फिल्म की पहली झलक में रवि तेजा पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे हैं।टीजर में रवि तेजा को दमदार अंदाज में दिखाया गया है। उन्हें गुंडों से लड़ते हुए जबरदस्त एक्शन सीन्स करते नजर आए। मास जतारा की पहली झलक साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, स्वैग। ऊर्जा। वाइब। मास महाराज रवि तेजा एक ऑल राउंड शो देने के लिए यहां हैं। मास जतारा- मास रैम्पेज की झलक अब सामने आई है। मास जतारा में कॉमेडी का तड़का लगाया जाएगा। मास जतारा के जरिए निर्देशन की दुनिया में भानु भोगवरपु ने कदम रखा है, जिन्होंने रवि तेजा को हास्यपूर्ण और मनोरंजक अवतार में प्रभावशाली ढंग से पेश किया है। श्रीलीला ने फिल्म में मुख्य महिला की भूमिका निभाई है, हालांकि वह टीजर में नहीं दिखाई गई हैं। इस प्रोजेक्ट का निर्माण नागा वामसी और त्रिविक्रम श्रीनिवास के नेतृत्व में सीथारा एंटरटेनमेंट द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।मास जतारा की शूटिंग के दौरान रवि तेजा के दाहिने हाथ की मांसपेशियों में चोट लग गई थी। चोट के बावजूद, अभिनेता ने शूटिंग जारी रखने का फैसला किया और इस फैसले से चोट और गंभीर हो गई। मास जतारा को मूल रूप से संक्रांति 2025 के दौरान रिलीज किया जाना था। हालांकि, फिल्म में देरी होने के कारण इसकी रिलीज टाल दी गई। अब प्रशंसक नई रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं।



# अर्शी भारती की अदाओं ने जीते दिल

अभिनेत्री अर्शी भारती इन दिनों ओटीटी की नई सेंसेशन हैं। इसकी वजह है ओटीटी का वह प्रयोग जिसमें एफएम चैनलों की तरह कहानी को 90 सेकंड में कहने का जोर पकड़ रहा है। अर्शी भारती ने जब से अपने सोशल मीडिया पर अपनी डेब्यू सीरीज दिल तू जान तू' का ट्रेलर साझा किया है, इस नए विचार की पूरे मुंबई मनोरंजन जगत में चर्चाएं हो रही हैं। वर्टिकल फॉर्मेट में बनी इस सीरीज से ही अर्शी का ओटीटी डेब्यू हो रहा है।छोटे परदे पर अर्शी भारती खूब कमाल दिखा चुकी हैं। व्हिसलिंग वूड्स इंटरनेशनल से निकलने के बाद अर्शी ने किशोर नमित कपूर के यहां से भी एक्टिंग का डिप्लोमा कोर्स किया और अपने पहले ही मौके में वह दर्शकों को आकर्षित करने में कामयाब रहीं। अर्शी को पहला मौका निर्देशक आशुतोष गोवारिकर की फिल्म पानीपत' में कैमरे के सामने पहला ब्रेक मिला। इस फिल्म में वह कृति सैनन की सखी बनी हैं। और, इसके बाद जब वह तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दिखीं तो लोग बस उन्हें देखते ही रह गए।अर्शी बताती हैं, मैंने सोनी टीवी का शो बरसातें प्यार का' किया तो मेरे पास बहुत सारे फोन आए। इसमें मैंने शिवांगी जोशी की दोस्त का किरदार निभाया है। अभिनय और किरदार का रोमांच मुझे एक और स्तर ऊपर ले गया स्टार प्लस के शो रब राखा' में जिसमें मुझे एक को पायलट का किरदार करने का मौका मिला।' अर्शी आवाज की दुनिया में भी अच्छी पहचान बना रही है और उनकी आवाज कई ओटीटी सीरीज और फिल्मों में बतौर वॉयस आर्टिस्ट सुनाई देने लगी है। वेब सीरीज दिल तू जान तू' का जिक्र चलने पर वह बताती हैं, ये मेरी पहली ओटीटी सीरीज है। मान सकते हैं कि ये मेरा ओटीटी डेब्यू है। लेकिन, उससे भी बड़ी बात ये है कि ये देश में ओटीटी पर वर्टिकल सीरीज और सिर्फ डेढ़ मिनट यानी 90 सेकेंड में कहानी कहने की परंपरा को मजबूती दे रही है। इसके पहले नौ एपिसोड ओटीटी रीलीज पर जारी हो चुके हैं, अगले नौ एपिसोड अगले हफ्ते रिलीज होने वाले हैं।'आमतौर पर ओटीटी पर दिखने वाली कहानियां क्षैतिजाकार (हॉरिजॉन्टल) तरीके से शूट की जाती है यानी कि वीडियो देखने के लिए मोबाइल को घुमाकर पकडऩा होता है। पर अब अमेरिका में कुछ ऐसे ओटीटी की खूब धूम मची है जिनमें वीडियो उर्ध्वाकार (वर्टिकल) तरीके से शूट किए जा रहे हैं। रीलीज ओटीटी की पहचान इन्हीं वर्टिकल वीडियो सीरीज के चलते बनती दिख रही है। इसमें एपिसोड भी छोटे छोटे रखे जा रहे हैं।




# नानी की हिट 3 का नया पोस्टर हुआ रिलीज

नेचुरल स्टार नानी अभिनीत और डॉ. सैलेश कोलानू द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित क्राइम थ्रिलर हिटः द थर्ड केस ने गणतंत्र दिवस विशेष पोस्टर जारी किया है। नानी के यूनिनस प्रोडक्शंस के साथ साझेदारी में वॉल पोस्टर सिनेमा के बैनर तले प्रशांति टिपिरनेनी द्वारा निर्मित, फिल्म की शूटिंग आगे बढ़ रही है। पोस्टर में नानी हाथ में बंदूक लिए खड़े हैं और भारतीय ध्वज को सलामी दे रहे हैं और उनके दोनों ओर सेना के जवान हैं, जो फिल्म में मनोरंजक एक्शन और देशभक्ति के विषयों का संकेत देते हैं। पोस्टर गणतंत्र दिवस की भावना के लिए एक उपयुक्त श्रद्धांजलि के रूप में कार्य करता है और प्रशंसक नानी को इस तीव्र अवतार में देखने के लिए उत्साहित हैं। फिल्म में नानी के साथ मुख्य भूमिका में श्रीनिधि शेट्टी भी हैंप्रोडक्शन डिज़ाइन श्री नागेंद्र तंगला द्वारा संभाला गया है, जबकि साउंड मिक्स सुरेन जी द्वारा किया गया है। हिट- द थर्ड केस 1 मई को रिलीज़ के लिए तैयार हो रही है, और प्रशंसक नानी को एक्शन में देखने के लिए बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। अपनी मनोरंजक कहानी, तीव्र एक्शन दृश्यों और देशभक्ति विषयों के साथ, हिट- द थर्ड केस के एक बड़ी हिट होने की उम्मीद है।जैसे-जैसे हिट- द थर्ड केस की रिलीज़ की तारीख नज़दीक आ रही है, प्रशंसक फ़िल्म में और अपडेट और झलकियाँ देखने की उम्मीद कर सकते हैं। अपने प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ, हिट- द थर्ड केस एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने के लिए तैयार है जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा।

# मीनल चौबे ने मेयर पद हेतु दाखिल किया नामांकन

- » रैली में जमकर लगे नारे, सांसद ने कहा...जनता बीजेपी के साथ
- » हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ निकाली रैली
- » जगह-जगह पर रायपुर की जनता ने किया स्वागत
- » रैली में कार्यकर्ताओं ने जमकर लगाए नारे



**रायपुर,28 जनवरी 2025(ए)।** नगर निगम रायपुर के मेयर पद के लिए बीजेपी प्रत्याशी मीनल चौबे ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन करने से पहले उन्होंने रैली निकाली। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और लोग मौजूद रहे। मीनल चौबे ने पूजा करने के बाद नामांकन रैली निकाली। इस दौरान सीनियर बीजेपी नेता बृजमोहन अग्रवाल और राज्य सरकार के मंत्री रामविचार नेताम भी मौजूद थे।

रैली में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं ने मीनल चौबे को वोट देने की अपील की। मीनल चौबे का हर वार्ड में स्वागत किया गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर लोगों ने उनका स्वागत किया। मीनल चौबे ने भी लोगों पर पुष्प वर्षा कर लोगों का अभिवादन किया। जगह-जगह महिलाओं ने उनकी आरती उतारकर उनसे मुलाकात की।

### जमकर हुई नारेबाजी

इस रैली के दौरान लोगों ने जमकर नारे लगाए। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि पांच साल तक पूरे शहर को नर्क बनाने वाले कांग्रेसी मेयर और उसके पार्षदों को इस बार रायपुर की जनता हार का स्वाद चखाएगी। कांग्रेस के जितने भी मेयर हुए, उन लोगों ने विकास के नाम पर सिर्फ लूट मचाई। लोगों को मूलभूत सुविधाओं के नाम पर ठगने का काम किया। न कभी नाली की सफाई हुई और न ही शहर के गार्डेनों का रख-रखाव हुआ। वार्डों की सड़कें पांच साल से बदहाल हैं।

तालाबों के सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों रुपए के घोटाले किए हैं। इससे जनता ने इस बार ठाना है कि अब डबल इंजन की विष्णुदेव साय सरकार के साथ ही शहर की सत्ता पर भाजपा को बैठाना है। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा ने रायपुर शहर की जनता की सुविधाओं को सक्रिय और संघर्षशील प्रत्याशी को मेयर का टिकट दिया है। मीनल दीदी साफ-स्वच्छ छवि और सेवा की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने कांग्रेस राज में शहर को विकास के नाम पर लूटने वाले कांग्रेस मेयर के खिलाफ मोर्चा खोल रखा था और उनकी मनमानी को रोकने के लिए सतत संघर्ष किया है।

## कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी दीप्ति दुबे ने स्कूटी से पहुंचकर दाखिल किया नामांकन

### जनता को दिया ये संदेश

रायपुर नगर निगम के महापौर पद के लिए कांग्रेस की उम्मीदवार दीप्ति दुबे ने आज बेहद साधारण अंदाज में स्कूटी पर सवार सवार होकर नामांकन दाखिल करने पहुंची। इस दौरान उन्होंने हेलमेट पहनकर ट्रैफिक नियमों का पालन किया और जनता को भी



इसका संदेश दिया।दीप्ति दुबे ने कहा, आज स्कूटी से आने का उद्देश्य यह था कि हम लोगों को मैसेज दे रहे हैं कि लोग ट्रैफिक नियमों का पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन करें। आज हमने नामांकन जमा किया है। अब मैं लोगों के बीच में भी जाऊंगी। किसी को किसी प्रकार की कोई समस्या हो सीधे मुझसे संपर्क कर सकते हैं। मजबूती से चुनाव लड़ेंगे।

## लोगों का मिल रहा है साथ

प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम और सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि नगरीय निकाय चुनाव में बीजेपी को जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। भाजपा ऐतिहासिक जीत के साथ निकायों के माध्यम से जन समस्याओं का निवारण कर आम जन को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने तथा विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा लगातार मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को तेजी से पूरा करने के कारण प्रदेश में भाजपा के प्रति अटूट विश्वास का वातावरण बना है।

## 11 फरवरी को है मतदान

बता दें कि छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ हो रहे हैं। नगरीय निकाय चुनाव एक ही चरण में होंगे जबकि पंचायत चुनाव तीन चरणों में आयोजित किए जाएंगे। निकाय चुनाव के लिए 11 फरवरी को वोटिंग होगी और 15 जनवरी को रिजल्ट आएंगे।



## सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद अफसर ने दाखिल की जमानत याचिका

### मुकेश चंद्राकार हत्याकांड से जुड़ा है मामला

बीजापुर। मुकेश चंद्राकार हत्याकांड के आरोपी सुरेश चंद्राकार के निर्माणाधीन गंगालूर मिरतुर सड़क में हुए भ्रष्टाचार को लेकर पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता ने गंगालूर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। अब इस मामले में जल्द ही आरोपी इंजीनियर्स की गिरफ्तारी हो सकती है।

भ्रष्टाचार के इस मामले में राज्य सरकार के मिले आदेश के बाद कार्यपालन अभियंता ने बीजापुर के गंगालूर थाने में विभाग के पूर्व ईई बीआर ध्रुव , एसडीओ आर के सिन्हा एंव इंजीनियर जीएस कोडोपी पर धारा 3(5) , 316(5) , 318(4) के तहत मामला दर्ज कराया है।

फिलहाल सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पता चला है कि इंजीनियर कोडोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। उसकी जमानत याचिका को लेकर 29 जनवरी को दंतेवाड़ा कोर्ट में सुनवाई होगी।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### ओबीसी आरक्षक मामले में हाईकोर्ट ने जिपं उपाध्यक्ष की याचिका खारिज की



**बिलासपुर-रायपुर, 28 जनवरी 2025(ए)।** ओबीसी आरक्षण मामले में हाईकोर्ट ने सूरजपुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष की याचिका खारिज कर दी है। छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम में संशोधन को चुनौती देने वाली याचिका पर डिवीजन बेंच में लंबी कानूनी बहस हुई। दोनों पक्षों को गंभीरता से सुनने के बाद हाईकोर्ट ने विधि संगत निर्णय लेते हुए मेरिट बेस पर याचिका को खारिज किया।

### स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने 27 चिकित्सकों की सेवाएं समाप्त की



**रायपुर, 28 जनवरी 2025(ए)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए लंबे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित 27 चिकित्सा अधिकारियो व विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा समाप्त कर दी गई हैं। साथ ही 21 चिकित्सा अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए है।

### चाइनीज मांझा बेचने वाले दो लोग गिरफ्तार




**रायपुर,28 जनवरी 2025(ए)।** पुलिस ने टिकरापारा थाना क्षेत्र के पचपेढ़ी नाका इलाके में सात वर्षीय एक बालक पुष्कर साहू पिता फुलेश साहू की चायनीज नायलोन मांझे में फंसकर गला कटने से हुई मौत के बाद चार और मांझा विक्रेताओं के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 के तहत जुर्म दर्ज किया है। तेलीबांधा व टिकरापारा पुलिस ने दो-दो प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस द्वारा भले ही एक ही कानून के तहत मामले दर्ज किए जा रहे हैं लेकिन कार्रवाई अलग-अलग किए जाने की शिकायत मिली है। तेलीबांधा पुलिस ने जहां दोनों आरोपियों को शपथपत्र लेकर जमानत दे दी है, लेकिन टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# सरकारी स्कूलों में टॉयलेट स्थिति बदहाल

### हाईकोर्ट ने शिक्षा सचिव को जारी किया नोटिस



**बिलासपुर,28 जनवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सरकारी स्कूलों में टॉयलेट की बदहाल स्थिति को लेकर गहरी नाराजगी जाहिर की है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने शिक्षा सचिव को इस मामले में 10 फरवरी तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि करोड़ों का बजट मिलने के बावजूद स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। हाईकोर्ट ने इन परिस्थितियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इतने बड़े बजट के बावजूद सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही को दर्शाती है। कोर्ट ने शिक्षा सचिव को इस मुद्दे पर विस्तृत जानकारी और समाधान का रोडमैप पेश करने का आदेश दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बिलासपुर जिले के 150 सरकारी स्कूलों में टॉयलेट ही नहीं हैं, जबकि 200 से ज्यादा स्कूलों में टॉयलेट की हालत इतनी खराब है कि उनका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। कई स्कूलों में महिला और पुरुष शिक्षकों के लिए कॉमन टॉयलेट हैं, जिससे महिला शिक्षकों और छात्राओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्कूलों में टॉयलेट न होने के कारण महिला शिक्षक घंटों पानी पीने से परहेज करती हैं, जिससे कई शिक्षिकाएं यूरिन इंफेक्शन जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का शिकार हो रही हैं। छात्राओं को भी टॉयलेट की कमी से बड़ी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। कुछ स्कूलों में शिक्षक और छात्र-छात्राएं आसपास के घरों के टॉयलेट का इस्तेमाल करते हैं, जिसके लिए 200 रुपए महीना और सफाई सामग्रियों का खर्च उठाना पड़ता है। टॉयलेट की अनुपलब्धता के कारण कई स्कूलों के बच्चे खुले मैदान में लघुशंका करते हैं। गंदगी और संक्रमण का खतरा लगातार बना रहता है। कुछ स्कूल ऐसे भी हैं, जो मुख्य सड़क के किनारे हैं। वहां छात्राओं को शिक्षिकाओं की निगरानी में खुले में लघुशंका करनी पड़ती है।



## रायपुर में बृजमोहन तो बिलासपुर में अमर-धरमजीत करेंगे चुनाव संचालन

**रायपुर, 28 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनाव संचालकों व समन्वयकों की नियुक्ति कर दी है। भाजपा ने जहां एक बार फिर राजधानी रायपुर में चुनाव संचालन की कमान वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल को सौंपी है तो वहीं न्यायधारी बिलासपुर में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल तथा धरमजीत सिंह चुनाव को यह जिम्मेदारी दी गई है।

## एजाज ढेबर को पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड से मिला पार्षद टिकट



**रायपुर, 28 जनवरी 2025(ए)।** रायपुर नगर निगम के लिए भाजपा के बाद अब कांग्रेस ने भी अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने पूरे 70 वार्डों में अपने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से सभी पार्षद प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया गया है। वही मेयर रहे एजाज ढेबर को पं. भगवती चरण शुक्ल वार्ड का पार्षद प्रत्याशी बनाया गया है। सोमवार को मेयर एजाज ढेबर अपनी नामांकन रैली छोड़कर बाइक से कलेक्टर ऑफिस पहुंचकर, नामांकन दाखिल किया। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने कहा था कि नामांकन का समय 5 बजे तक है, लेकिन असल में 3 बजे तक नामांकन करने का अंतिम समय था। इसीलिए उन्हें भागते हुए बाइक से नामांकन दाखिल करने आना पड़ा।

## डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने किया धान बोनस का ऐलान

- » भाजपा सरकार ने 8 लाख 46 हजार से ज्यादा पीएम आवास दिए...
- » पीएम आवास रोकने के कारण टीएस सिंहदेव ने मंत्रालय छोड़ा
- » किसानों से 21 क्विंटल धान की खरीद हो रही है...





**रायपुर, 28 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आज रायपुर के भाजपा कार्यालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा और भाजपा के त्रिस्तरी पंचायत चुनाव के प्रभारी सौरभ सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। मंत्री विजय शर्मा ने कहा कांग्रेस सरकार ने ग्रामीणों का पीएम आवास रोका था, जिसके कारण उनके पंचायत विभाग के मंत्री टीएस सिंहदेव ने विभाग भी छोड़ा था। मंत्री विजय शर्मा ने आगे कहा कि हमारी सरकार पहली केबिनेट में पीएम आवास पर निर्णय ली। हमनें 8 लाख 46 हजार से ज्यादा पीएमआवास दिए।आवास प्लस में 1 लाख 47 हजार आवास स्वीकृत हुआ है। मोदी सरकार ने देश में सबसे ज्यादा आवास छग को दी। मंत्री ने बताया पीएमजनमन के तहत 32 हजार आवास मिले। हमारी सरकार में 1 लाख 80 हजार आवास पूर्ण भी हुआ। 3 लाख 3 हजार आवास की संख्या भी स्वीकृति केंद्र से मिली है। 1 साल के अंदर हम 18 लाख आवास तक पहुंच जायेंगे। नए पीएम आवास के लिए सर्वे का काम भी शुरू हो गया है। मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हमने मोदी गारंटी की सभी बड़े वादों को पूरा कर दिए हैं किसानों से 21 क्विंटल धान और 3100 रुपए में धान खरीदी हो रही है। किसानों को 2 साल का पुराना बकाया बोनस भी दिए। उन्होंने कहा हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा ,सड़क जैसी कई अधोसंरचना को लेकर विकास कर रही है। जिसका सीधा लाभ आमजनों को मिल रहा है।

# कलयुगी मां ने मासूम बच्ची को मंदिर में छोड़ा



**धमतरी-रायपुर,28 जनवरी 2025(ए)।** सोमवार को एक महिला अपनी बच्ची को धमतरी शहर के गणेश मंदिर में छोड़कर गायब हो गई. मंदिर के पुजारी का ध्यान बच्ची पर गया तो उसने पुलिस को खबर दी. बच्ची की उम्र ढाई से तीन साल के आसपास बताई जा रही है. कुछ देर तक मुहल्ले वालों ने बच्ची को संभाला, जिसके बाद पुलिस ने बच्ची को बाल कल्याण समिति को सौंप दिया है. मंदिर मे लगे सीसीटीवी में यह घटना कैद हो गई है. पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई. जानकारी के मुताबिक, सोमवार सुबह 11-30 बजे रोजाना की तरह भक्त गणेश मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे हुए थे. इसी दौरान एक महिला वहां पहुंची और अन्य महिलाओं से यह कहते हुए निकल गई कि 5 मिनट में आ रही हूं, इस बच्ची का ध्यान रखना. उसके बाद कई मिनट गुजर गए, लेकिन उस महिला का कोई पता नहीं चला. वार्ड के ही रोशन सोनकर उसे अपने साथ रखते हुए चॉकलेट बिस्किट खिलाया. इसके बाद मंदिर के पुजारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी।



## पुलिस आरक्षक ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

### मौके पर पहुंचे आला अधिकारी

**धमतरी,28 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां एक आरक्षक ने खुद को गोली मार ली है। इस घटना में आरक्षक की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस की टीम इस घटना की जांच में जुट गई है।

## गृह मंत्रालय के आदेश पर बैंक के खातों के लिए दर्ज हुई एफआईआर



### पुलिस ने 15 लोगों को लिया हिरासत में

**दुर्ग-रायपुर,28 जनवरी 2025(ए)।** दुर्ग पुलिस ने कर्नाटक बैंक के 15 खाताधारकों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उन्हें हिरासत में लिया है तो वही 20 खाता उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ भी पुलिस ने कार्रवाई की है और सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)